आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 06 दिसंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 35
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत


राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

बीआरटीएस : सड़क पर कर रहे बसों का इंतजार



पेज-2

'तेरे इश्क में' की सफलता पर भावुक हुईं कृति



पेज-5

पीएम 13 को कर सकते हैं भोपाल मेट्रो का लोकार्पण



पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- पाक और अफगानिस्तान के बीच सीमावर्ती इलाके में भारी गोलीबारी, अधिकारियों ने की पुष्टि
- यूरोपीय संघ ने एक्स पर कंटेंट नियमों के उल्लंघन के लिए लगाया 14 करोड़ का जुर्माना
- अमेरिका के मशहूर आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी का 96 साल की उम्र में निधन
- ट्रंप फीफा के 'शांति पुरस्कार' से सम्मानित, यूएस राष्ट्रपति बोले- हमने करोड़ों जान बचाई
- अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे पीएम मोदी
- रूस से 7 यूक्रेनी बच्चों की वापसी, जेलेंस्की ने ट्रंप का आभार जताया
- भारत-रूस की दोस्ती कई सालों से अटूट, आगे और मजबूत होगी : पुतिन से बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू
- फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप घोषित : स्पेन-पुर्तगाल समेत ये बड़ी टीमें ग्रुप ऑफ डेथ में, 19 जुलाई को होगा फाइनल
- यूपी : देश का सबसे अधिक हाइटेक सदन बनेगा यूपी का विधान परिषद भवन, लगाई जाएंगी 110 वीडियो यूनिटें

# विधानसभा में जीत का मार्जिन बने 4.18 लाख वोट एसआईआर में हुए गायब


**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर विधानसभा चुनाव 2023 में सभी नौ की नौ सीटें बीजेपी ने जीती थीं। कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। इस दौरान बीजेपी और कांग्रेस के बीच जीत का मार्जिन करीब 4 लाख 18 हजार वोटों का था। वहीं, अब इंदौर जिले में 5 लाख मतदाता मिल नहीं रहे हैं। यह जिले के कुल मतदाताओं का 18.90 प्रतिशत है, जो बहुत बड़ी संख्या है। इंदौर की 5 सीटों पर गायब मतदाताओं की संख्या चुनाव में जीत के अंतर से भी ज्यादा है।

इंदौर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम 98.61 प्रतिशत हो चुका है। यह शुक्रवार, 05 दिसंबर की रात तक सौ प्रतिशत हो जाएगा। जिले के कुल 28.67 लाख मतदाताओं में से 22.28 लाख तो मिल गए हैं।

## गायब हुए वोट प्रशासन के लिए बनी चुनौती



वहीं, 5.42 लाख नहीं मिले हैं। इसमें से करीब 41 हजार मतदाता मृत हो चुके हैं, इनकी स्थिति तो साफ है। बाकी करीब 5 लाख मतदाता ढूंढे भी नहीं मिल रहे हैं, जो बहुत बड़ी संख्या है। यदि विधानसभा वार दर्ज मतदाताओं से गायब मतदाताओं का प्रतिशत देखा जाए तो जिले में ओवरऑल यह 18.90 प्रतिशत है। इसमें सबसे बड़ा अंतर इंदौर 1 में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा में 25.52 प्रतिशत है। वहीं इंदौर 2 में भी यह आंकड़ा 25.26 प्रतिशत है। साथ ही, 20 प्रतिशत से ज्यादा में इंदौर विधानसभा 5 भी है। इसमें 23.51 प्रतिशत मतदाता गायब हैं। ग्रामीण विधानसभाओं में यह कम है। देपालपुर में केवल 12 प्रतिशत, सांवेर में 9.95 प्रतिशत, महू में 11.52 प्रतिशत है। नहीं मिलने वाले मतदाताओं को ढूंढने का काम जारी है। मतदाता पुनरीक्षण का काम 11 दिसंबर को पूरा हो जाएगा। इसके बाद 12 से 16 दिसंबर तक आयोग से ही जनरेटेड नोटिस जारी होंगे। इसमें जवाब आया तो नाम जुड़ जाएगा।

### इस तरह से 5.42 लाख मतदाता गायब

- 41 हजार 168 मतदाता - मृत
- 2.53 लाख मतदाता - ठिकानों पर नहीं मिले
- 2.02 लाख मतदाता-शिफ्ट हो चुके हैं
- करीब 44 हजार - अन्य कारण

**5 सीटों पर जीत के अंतर से ज्यादा गायब मतदाता**

- इंदौर 1 - यहां कैलाश विजयवर्गीय 57 हजार 939 वोट से जीते, मतदाता अभी 97 हजार 215 गायब
- इंदौर 3 - गोलू शुक्ला 14 हजार 757 वोट से जीते, मतदाता 32 हजार 195 गायब
- इंदौर 5 - महेंद्र हार्डिया 15 हजार 671 वोट से जीते, मतदाता 1.01 लाख गायब
- देपालपुर - मनोज पटेल 13 हजार 698 वोट से जीते, मतदाता 34 हजार गायब
- राऊ - मधु वर्मा 35 हजार 522 वोट से जीते, मतदाता 73 हजार 795 गायब

**इन 4 सीटों पर जीत बड़ी, मतदाता कम गायब**

- इंदौर 2 - रमेश मेंदोला 1.07 लाख वोट से जीते, मतदाता 89 हजार गायब
- इंदौर 4 - मालिनी गौड़ 69 हजार 837 वोट से जीती, मतदाता 49 हजार 871 गायब
- महू - उषा ठाकुर 34 हजार 392 वोट से जीती, मतदाता 33 हजार 321 गायब
- सांवेर - तुलसी सिलावट 68 हजार 854 वोट से जीते, मतदाता 31 हजार 350 गायब

# इंदौर का प्रापर्टी बाजार हुआ धड़ाम

## एक तिहाई हुए कालोनी के आवेदन, आधा ही हुआ रजिस्ट्री का लक्ष्य

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर रियल एस्टेट में बीते साल से शुरू हुई सुस्ती अब चिंता में डालने लगी है। हालत यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में कलेक्टोरेट में लगने वाले कॉलोनी विकास मंजूरी आवेदन केवल एक तिहाई रह गए हैं। उधर सरकार के लिए चिंता की बात कमाई है।

इसके साथ ही, रजिस्ट्री आय टारगेट से काफी पीछे है। वहीं, अभी की स्थिति में बीते साल के करीब बराबर ही है। इसके पीछे एक बड़ी वजह मास्टर प्लान के साथ कई जमीन अधिग्रहण के प्रोजेक्ट हैं। इनके चलते विकास तितर-बितर हो चुका है। इंदौर कलेक्टोरेट में बीते साल 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच 305 कॉलोनियों के विकास मंजूरी आवेदन लगे थे। इसमें से 227 को मंजूरी जारी हुई थी। वहीं, अब इस साल 1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 तक मात्र 101 विकास मंजूरी आवेदन लगे हैं।




इंदौर पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री विभाग की बीते साल अप्रैल से नवंबर 2024 के दौरान कुल आय 1506 करोड़ रुपए थी। यह इस साल अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच केवल 1533 करोड़ रुपए है। प्रॉपर्टी गाइडलाइन में औसतन 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने के बाद भी आय में मात्र 1.82 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इंदौर इस बार रजिस्ट्री से कुल आय का लक्ष्य 3497 करोड़ रुपए है। यानी नवंबर माह तक इस वित्तीय साल के 8 महीने में इंदौर की आय दो हजार करोड़ के पार हो जानी थी। इसके बावजूद अभी 1533 करोड़ पर ठहरी हुई है। इससे इंदौर रियल सेक्टर के हालात यह बता रहे हैं कि बाजार में भी ग्राहक/निवेशक नहीं हैं। मध्य प्रदेश में पंजीयन से इस बार कुल आय लक्ष्य 13 हजार 920 करोड़ रुपए है। वहीं, यह भी प्रदेश स्तर पर आठ महीने में केवल 7580 करोड़ तक पहुंच पाया है। रियल सेक्टर के ठंडे होने की एक बड़ी वजह मास्टर प्लान को लेकर चल रहा लंबा इंतजार है। साल 2021 में ही मास्टर प्लान का समय खत्म हो गया था और तभी से इंतजार हो रहा है।

# राहुल और खरगे को नहीं मिला पुतिन के साथ डिनर का निमंत्रण

## कांग्रेस के शशि थरूर हुए शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन भारत यात्रा के दौरान आयोजित डिनर में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, दोनों को राष्ट्रपति भवन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए रखे गए डिनर में नहीं बुलाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस के सांसद शशि थरूर इसमें शामिल हुए। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अधिक शशि थरूर को तव्वजो दी है। इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में सदस्य भेजे जाने को लेकर भी कांग्रेस की पसंद की जगह थरूर को चुना गया था।

थरूर ने कहा, 'एक वक्त था जब एक्सटर्नल अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन को रूटीन के तौर पर निमंत्रण मिलता था। यह प्रथा बीच में कुछ समय के लिए रुक गई थी, लेकिन लगता है कि ये फिर से शुरू हो गया है। क्योंकि मुझे निमंत्रण मिला था। राहुल और खरगे को निमंत्रण न मिलने पर थरूर ने कहा कि मुझे नहीं पता कि ये निमंत्रण किस आधार पर दिए जाते हैं। मुझे मालूम है कि जब मैं एक्सटर्नल अफेयर्स कमेटी का पहले चेयरमैन था तो भी मुझे बुलाया जाता था। थरूर ने कहा कि पहले से चली आ रही परंपराओं का पालन होना चाहिए।

## यह नजारा किसी बस स्टेशन का नही, बल्कि दिल्ली एयरपोर्ट का है




**नई दिल्ली** ● इंडिगो एयरलाइन में आई अचानक स्टाफ-शॉर्टेज और तकनीकी मैनेजमेंट से जुड़ी समस्या ने पूरे देश में हजारों यात्रियों को मुसीबत में डाल दिया। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, इंदौर, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम सहित कई एयरपोर्टों पर बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द या लेट हो रही हैं, जिससे एयरपोर्ट टर्मिनलों पर भारी भीड़ है।

# मंडल अध्यक्ष की नाराजगी : हुई ट्रांसफर की सर्जिकल स्ट्राइक


निरीक्षण की व्यवस्था ठप होने से निजी स्कूलों ने उठाया फायदा

शिक्षा विभाग की सुस्ती, गली के स्कूलों ने खेला खेल


कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/प्रशा./स्था./ए- 2522 /2025

आदेश

| क्र. | अधिकारी/कर्मचारी का नाम एवं पद | वर्तमान पदांकन | नवीन पदांकन |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | [illegible] | संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., इंदौर | मण्डल मुख्यालय, भोपाल |
| 2 | श्री [illegible], कक्षाधिकारी | संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., इंदौर | मण्डल मुख्यालय, भोपाल |
| 3 | श्री संजय जायसवाल, सहा.ग्रेड 2 | संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., इंदौर | मण्डल मुख्यालय, भोपाल |
| 4 | श्री मुकेश पटेल, सहा.ग्रेड 3 | संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., इंदौर | मण्डल मुख्यालय, भोपाल |
| 5 | श्री भावेश श्रीवास्तव, सहा.ग्रेड 3 | संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., इंदौर | मण्डल मुख्यालय, भोपाल |

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● माध्यमिक शिक्षा मंडल के अध्यक्ष ने इंदौर संभागीय कार्यालय के कर्मचारियों के ताबड़तोड़ तबादले कर दिए। इस तबादले में वर्षों से जमे कर्मचारियों को मुख्यालय ट्रांसफर कर दिया गया। रातो-रात हुए इस ताबदले से पूरे मंडल कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है। 'दैनिक इंदौर संकेत' ने भी अपनी खबर के माध्यम से कर्मचारियों के साथ कतिपय स्कूल संचालकों की सांठगांठ और कार्यालय परिसर में ही इन स्कूल संचालकों के साथ शाम बिताए जाने की खबरें भी प्रकाशित की थी। बहरहाल इन कर्मचारियों के तबादलों से मंडल की कार्य प्रणाली पर कितना असर पड़ेगा, यह तो आने वाला वक्त ही बता पाएगा।

**उम्मीद जागी...** 14 दिसंबर को इंदौर में होगी उच्च स्तरीय बैठक

# मेट्रो के अंडर ग्राउंड का मामला अब मुख्यमंत्री के पाले में

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मेट्रो रेल को बंगाली चौराहा से पलासिया चौराहा तक अंडरग्राउंड करने का मामला 14 दिसंबर को इंदौर में होने जा रही उच्च स्तरीय बैठक में रखने की तैयारी की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। इस बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस क्षेत्र में मेट्रो को अंडरग्राउंड करने की आवश्यकता बताई जाएगी।

इंदौर में मेट्रो ट्रेन का प्रोजेक्ट बंगाली चौराहा से पलासिया चौराहा तक के क्षेत्र में अटक गया है। पूर्व में मंजूर की गई योजना के अनुसार इस क्षेत्र में मेट्रो को एलिवेटेड रूप से चलाते हुए लाना था। यदि इस मंजूर किए गए



प्रोजेक्ट के अनुसार काम किया जाता है तो बहुत सारे मकान तोडना पडेंगे। इसके साथ इन मकानों की जमीन का अधिग्रहण भी करना पड़ेगा। जनप्रतिनिधियों द्वारा इतनी बड़ी संख्या में इन क्षेत्रों से मकान तोडने की कार्रवाई का विरोध किया जा रहा है। पिछले दिनों प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इंदौर के विकास को लेकर बुलाई गई बैठक में इस बारे में विचार किया गया था। इस बैठक में प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे भी मौजूद थे। इस बैठक में लंबी चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया था कि राज्य सरकार से इस बात का आग्रह किया जाए की बंगाली चौराहा से पलासिया चौराहा तक भी मेट्रो ट्रेन को अंडरग्राउंड कर दिया जाए।

इस बैठक में मेट्रो ट्रेन कंपनी के प्रबंध संचालक कृष्णन चैतन्य को भी बुलवाया गया था। इसके बाद में इस बैठक के मिनट्स तैयार कर मेट्रो ट्रेन कंपनी के माध्यम से राज्य सरकार के समक्ष योजना में परिवर्तन और मंजूरी के लिए भेजे गए हैं। अभी भोपाल के स्तर पर इस बारे में आगे कोई फैसला नहीं हो पाया है। अब 14 दिसंबर को इंदौर में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा इंदौर के विकास को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों के साथ ही विषय विशेषज्ञों को भी बुलाया जा रहा है। अब इंदौर के अधिकारियों द्वारा इस बैठक में मेट्रो ट्रेन का मामला भी रखने की तैयारी की जा रही है। इस बारे में पूछे जाने पर एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि जब इंदौर के विकास की बात होना है और भविष्य में इंदौर में जो विकास किया जाना है, उसके बारे में चर्चा की जाना है तो ऐसे में यदि मेट्रो ट्रेन के छूटे हुए हिस्से के बारे में लंबित प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की जाएगी तो यह पूरी चर्चा अधूरी रह जाएगी। ऐसी स्थिति में अब इस बैठक में मेट्रो ट्रेन के प्रोजेक्ट को रखने की तैयारी की जा रही है। भोपाल में मुख्यमंत्री सचिवालय पर इस बैठक के लिए जो विषय सूची भेजने के लिए तैयार की जा रही है, उसमें इस विषय को भी रखा गया है।

# खामोश खबर...



"दैनिक इंदौर संकेत में सोमवार से एक नियमित कॉलम शुरू करेगा जिसमें इंदौर शहर की राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक और शैक्षणिक और स्वास्थ्य गतिविधियों पर बारीक नजर रखते हुए खामोश खबर अपने पाठकों को एक रोचक अंदाज में प्रकाशित करेगा।

न्यूज ब्रीफ

## होमगार्ड का स्थापना दिवस आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस 6 दिसम्बर को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 11 बजे होमगार्ड लाईन बिशप हाउस व्हाईट चर्च के पास इंदौर में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे परेड का निरीक्षण करेंगे, परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर आकर्षक परेड आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में सिविल डिफेंस द्वारा आत्मरक्षा संबंधी नाटिका का प्रस्तुतिकरण होगा। साथ ही एसडीईआरएफ द्वारा मॉकड्रिल की जाएगी और उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित होगा।

## टाइम बैंक ऑफ़ इंडिया के इंदौर चैप्टर का शुभारंभ



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● टाइम बैंक ऑफ़ इंडिया के जयपुर से पधारे संस्थापक द्वय, पी सी जैन एवं अनिल खोसला द्वारा, अभिनव कला समाज के सभागार में वरिष्ठ नागरिक विचार मंच के सहयोग से आयोजित समारोह में टाईम बैंक के इंदौर चैप्टर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत गट्टानी, वरिष्ठ नागरिक मंच के डॉ जी डी अग्रवाल, श्रीमती मनोरमा मेनन, उमा झवर, रोटरी के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीश मलिक के अतिरिक्त शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे । मैनेजिंग ट्रस्टी अनिल खोसला ने बताया कि इंदौर चैप्टर भारत में टाईम बैंक का 41 वां शहर चैप्टर तथा मध्य प्रदेश का, ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर के साथ चौथा चैप्टर है।

**दिक्कत जारी :** इंडिगो एयरलाइंस की लगातार रद्द हो रही उड़ानों ने हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाएं ध्वस्त कर दी

# फिर 35 फ्लाइट निरस्त, 18 उड़ानें घंटों की देरी से हुई संचालित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में भी चार दिसंबर से विमान सेवा गहरे संकट में है। इंडिगो एयरलाइंस की लगातार रद्द हो रही उड़ानों ने हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाएं ध्वस्त कर दी। तीन दिनों से इंदौर से आने-जाने वाले यात्रियों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रहीं। इंदौर एयरपोर्ट पर तीसरे दिन शुक्रवार को भी हवाई संकट कायम रहा और 35 उड़ानों को निरस्त कर दिया गया। वहीं 18 उड़ानें दो से छह घंटा देरी से संचालित हुई। देरी और रद्दीकरण की जानकारी नहीं मिलने से यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है।

तीन दिन से विमान सेवा चरमराई: इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से बीते तीन दिन से विमान सेवा चरमराई हुई है। एयरपोर्ट यात्रियों का शिविर बन चुका है और जाने वालों को उड़ानों की सुविधा नहीं मिल पा रही है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, गोवा जैसे व्यवस्तम रूट पर उड़ानें निरस्त होने से यात्री अधिक परेशान हो रहे हैं। शुक्रवार को इंडिगो विमान कंपनी की कई उड़ाने घंटों देरी से संचालित हुई, तो 35 को निरस्त कर दिया गया। इससे एयरपोर्ट पहुंच चुके यात्रियों का परेशान होना पड़ा। इंडिगो विमान कंपनी के मैनेजर का कहना है कि उड़ानों को व्यवस्थित किया जा रहा है।





वहीं निरस्त होने वाली उड़ान की जानकारी यात्रियों को दी जा रही है।

तीन दिन में 62 उड़ाने निरस्त हो चुकी, घंटों इंतजार, लेकिन उड़ान नहीं लगातार तीन दिन से इंडिगो विमान कंपनी की उड़ाने निरस्त होने के साथ देरी से संचालित हो रही है। तीन दिन में 62 उड़ाने निरस्त हो चुकी है। वहीं 51 उड़ाने दो से छह घंटा देरी से संचालित हुई। यात्री समय पर एयरपोर्ट पहुंच रहे है, लेकिन घंटों इंतजार के बाद उड़ान निरस्त होने की जानकारी दी जा रही है। सही सूचना नहीं मिल पाने से अधिक परेशानी हो रही है।

इंदौर से जाने वाले यात्रियों की परेशानी सबसे ज्यादा दिखी: इंदौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे और हैदराबाद जाने वाले यात्रियों की परेशानी सबसे ज्यादा दिखी। कई यात्री घंटों एयरपोर्ट पर फंसे रहे, कई की मीटिंग्स, मेडिकल अपाइंटमेंट और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिंग फ्लाइट्स छूट गई।

### किराए ने उड़ाई यात्रियों की नींद

इंडिगो की लगातार निरस्त होती उड़ानों के कारण अन्य एयरलाइंस में किराया आसमान पर पहुंच गया। आम दिनों की अपेक्षा किराया चार से पांच गुना तक बढ़ चुका है। इंदौर-दिल्ली किराया सामान्यत: चार से साढ़े चार हजार रुपये के आसपास रहता है, अब 20 हजार रुपये के करीब पहुंच चुका है। वहीं इंदौर-गोवा का किराया 5500 रहता है, लेकिन अभी 25 हजार के पास है। इंदौर-बेगलुरु का किराया 20 हजार के करीब पहुंच चुका है। यही हाल हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद सहित अन्य रूटों का है।

## लापरवाही की हद : जागरुकता अभियान के बाद लालच में फंसकर होते साइबर क्राइम के शिकार

### आन लाइन फ्राड की 14.33 करोड़ से ज्यादा राशि करवाई रिफंड

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● साइबर क्राइम के लिए जागरुकता अभियानों के बाद भी लोग जागरुक नहीं हो रहे हैं। लालच में फंसकर अपने लाखों रुपए गंवा देते हैं और फ्राड होने के बाद पुलिस की शरण में पहुंचते हैं। क्राइम ब्रांच को 11 माह में साढे चार हजार से ज्यादा शिकायतें इस बात की चुगली कर रहे हैं कि लालच में फंसकर और अलर्ट नहीं रहने के कारण लोग साइबर क्राइम का शिकार हो जाते हैं। क्राइम ब्रांच ने इस वर्ष के 11 माह में आन लाइन फ्राड के 14.33 करोड़ से ज्यादा की राशि रिफंड करवाई है। 2025 के 11 माह में क्राइम ब्रांच की फ्राड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने ऑनलाइन फ्राड के आवेदकों को 14 करोड 33 लाख 57 हजार 247 रुपए की राशि सकुशल वापस कराई है। नवम्बर माह तक क्राइम ब्रांच को लगभग 4500 सायबर फ्राड की शिकायतें मिलीं जिनमें त्वरित कार्यवाही की गई। हजारों फर्जी बैंक खातों को फ्रीज किया है। 250 से अधिक हैक किये गए सोशल मीडिया अकाउंट को रिकवर कराया और 300 से अधिक फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट जिन्हें आवेदकों के नाम और फोटो से बनाया गया था, ब्लॉक भी कराए गए हैं। क्राइम ब्रांच ने नवंबर तक हर माह आन लाइन फ्राड की राशि का रिफंड करवाया जिसमें जनवरी में 70 लाख 32 हजार 307, फरवरी में 81 लाख 95 हजार 694, मार्च में 60 लाख 10 हजार 955, अप्रैल में 61 लाख 54 हजार 890, मई में 1 करोड़ 73-लाख 4 हजार 552, जून में 1 करोड 86 लाख 62 हजार 205, जुलाई में 1 करोड़ 78 लाख 82 हजार 194, अगस्त में 1 करोड़ 49 लाख 71 हजार 122, सितंबर में 1 करोड़ 68 -लाख 10 हजार, अक्टूबर में 1 करोड़ 30 लाख 94 हजार 421 और नवम्बर में 1 करोड़ 72 लाख 38 हजार 907 रुपए रिफंड करवाए हैं।

### कैसे-कैसे हुए थे आन लाइन फ्राड

- इन्वेस्टमेंट ऑनलाइन फ्राड जैसे टास्क, ट्रेडिंग, गेमिंग आदि।
- बैंक अधिकारी बनकर केवायसी अपडेट, रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम, क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर धोखाधड़ी।
- डेटिंग व मेट्रीमॉनियल साईट्स द्वारा ऑनलाइन ठगी।
- सायबर जागरूकता कार्यक्रमों के तहत लाखों लोगों को साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताकर जागरूक किया गया है। आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी तरह का आन लाइन फ्राड होने पर एनसीआरबी पोर्टल 1930 या क्राइम ब्रांच की सायबर हेल्प लाइन नंबर 704912.4445 पर तत्काल शिकायत दर्ज करवाएं।

## गंदगी के बीच आटा बनते पाए जाने पर फैक्ट्री बंद कराई, लिए गए नमूने

### पालदा में जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही, अन्य प्रतिष्ठानों पर भी की गई नमूना जांच की कार्यवाही

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को समता नगर पालदा स्थित एस कुमार एंड कंपनी का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रभारी संदीप अग्रवाल उपस्थित पाए गए। परिसर में खाद्य पदार्थ आटा का निर्माण किया जाना पाया गया। परिसर में अत्यंत अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं संग्रहण किया जाना पाया गया। परिसर से गेहूं एवं आटा के कुल चार नमूने लिए गए तथा खाद्य पदार्थों के निर्माण हेतु परिस्थिति अनुकूल नहीं होने के कारण परिसर में खाद्य पदार्थों का निर्माण तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। एक अन्य कार्रवाई में मां अंबे सुपारी सिकाई केंद्र समता नगर पालदा का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर अग्रवाल उपस्थित पाए गए, मौके पर कच्ची सुपारी को सेंक कर प्रोसेस किया जाना पाया गया। मौके से सिकी हुई सुपारी और सुपारी सेकने के दौरान उपयोग किये जाने वाले चुना के कुल 2 नमूने लिए गए। साथ ही विजयनगर स्थित लीला रेस्टोरेंट से पनीर एवं दाल के कुल 2 नमूने लिए गए।

## 12 दिसंबर से 3 दिनी जैविक महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में जैविक महोत्सव का आयोजन होगा। यह तीन दिवसीय 12, 13 और 14 दिसंबर को जैविक मेला इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कनवाला कुआं में चलेगा। महोत्सव में जैविक और प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों का सीधा विक्रय और प्रदर्शन किया जाएगा। जिससे उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित होगा। यह मेला आत्मा परियोजना, किसान कल्याण व कृषि विभाग और मां रेणुका फूड्स, आनंदम ऑर्गेनिक और शगुन नैचुरल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रयास का उद्देश्य है कि इंदौर स्वच्छता के साथ-साथ स्वस्थता के क्षेत्र में भी देश में अग्रणी बने। मेला चार आकर्षक भागों में विभाजित रहेगा। मेले का पहला भाग मिलेट्स (श्री अन्न) प्रदर्शनी आधारित होगा। इस प्रदर्शनी में कोदो, कुटकी, कंगनी, रागी, सामा जैसे समृद्ध पोषक तत्वों वाले पारंपरिक अनाज प्रदर्शित किए जाएंगे।



## गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की सभी आवंटित दुकानों की किराया वसूली डिजिटल माध्यम से की जाए- डॉ. खाड़े

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में शुक्रवार को गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स इंदौर की दुकानों के संचालन को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में माफी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री कल्याणी पाण्डे, उपायुक्त श्रीमती शैली कनास एवं उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की समस्त आवंटित दुकानों की किराया वसूली को डिजिटल माध्यम से किया जाए। दुकानों के लीज एग्रीमेंट के सम्पादित करने के लिए शिविर आयोजित किए जाए। साथ ही समस्त आयुक्त मंदिरों की आधारभूत एवं बजट जानकारी संबंधी एकत्रित की जाए।

## एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 5 दिसम्बर को 'एविडेंस-बेस्ड प्रैक्टिसेज ऑन मैटरनल एंड न्यूबॉर्न केयर कॉम्पिटेंसीज़' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन होटल संस्कृति पैलेस, राजगढ़ में किया गया। इस कार्यशाला में 35 प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला का संचालन व मुख्य वक्तव्य डॉ. निलेश दलाल, प्रोफेसर एवं मेडिकल कॉलेज, इंदौर तथा डॉ. वरूणा पाठक, प्रोफेसर, भोपाल मेडिकल कॉलेज द्वारा किया गया। दोनों वक्ताओं ने उच्च स्तर की क्लिनिकल जानकारी, नवीन दिशानिर्देशों एवं व्यावहारिक कौशल पर विस्तृत चर्चा की।



## कलेक्टर शिवम वर्मा की नेक कार्य में गरिमामयी सहभागिता

### कलेक्टर श्री वर्मा ने स्कूली बच्चों को किये स्वेटर वितरित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर एकीकृत पाठशाला, शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 22 (सीआरपी लाइन) में आज स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेरक सामाजिक पहल में कलेक्टर शिवम वर्मा ने सहभागिता करते हुए बच्चों को स्वेटर वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम समाजसेवी डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा की प्रेरणा से सेवानिवृत्त चिकित्सकों के समूह द्वारा आयोजित किया गया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाए। ठंड से प्रभावित नहीं हो और ठंड के कारण कोई भी बच्चा स्कूल की छुट्टी नहीं करें।



## 8 दिसंबर को किसान एवं कांग्रेस पार्टी मिलकर निकालेंगे किसान न्याय यात्रा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 8 दिसंबर को आउटर रिंग रोड एवं ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के साथ इंदौर बुधनी व इंदौर मनमाड़ रेलवे लाइन के प्रभावित किसान एवं कांग्रेस पार्टी मिलकर निकालेंगे किसान न्याय यात्रा ट्रैक्टर रैली ग्राम कनाड़िया से प्रभावित किसानों ने फिर दोहराया कांग्रेस के समय वाला 2013 भूमि अधिग्रहण कानून प्रदेश में लागू किया जाए सांवेर विधानसभा क्षेत्र किसानों ने कहा आउटर रिंग रोड़ एवं ग्रीन फील्ड कॉरिडोर्स जैसे किसान विरोधी प्रोजेक्ट को रद्द करें सरकार किसान नेता हंसराज मंडलोई ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि 8 दिसंबर को ग्राम कनाड़िया से एक विशाल किसान न्याय यात्रा ट्रैक्टर रैली अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल के मुख्य आतिथ्य में व सांवेर विधानसभा एवं विजय बंटी राठौर की अगुवाई में निकलेगी जो ग्राम कनाडा से प्रारंभ होकर रमजान खेड़ी होती हुई तहसील मुख्यालय खुडेल पर अधिकारियों को ज्ञापन देने के पहले किसान एवं कांग्रेसी नेताओं की बड़ी सभा होगी।

## गायकों ने देवानंद के हिट गीतों से बहाई संगीत की शाम





**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सदाबहार अभिनेता देवानंद को लेकर स्थानीय अभिनव कला समाज सभागार में संगीत आयोजन चमकते सितारे म्यूजिकल ग्रुप के गायक कलाकारों ने एक से एक गीत सुनकर श्रोता दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजक थे रवि अतरौलिया और प्रदीप नीमा काका। कार्यक्रम में जीएस अरोरा ऐसे तो न देखो, डॉ संजय भटनागर ने शीर्षक गीत तू कहां ये बता, मधु परमार ने तेरा मेरा प्यार अमर, दिनेश सोलंकी ने धीरे से जाना खटीयन में ओ खटमल और सुषमा मंडलोई ने जारे जा उड़ जा जैसे गीत प्रस्तुत किए। अलावा अरविंद जैन, शशांक बेलखेड़े, सुभाष वर्मा और रमेश पटेल के गीतों ने भी धूम मचाई। युगल गीतों में रवि अतरौलिया ने मधु परमार संग ए मैने कसम ली, सुषमा के साथ ओ मेरे राजा, गीत का मजा दिया।

## गुरुदेव दत्त जयंती महोत्सव मना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा, इंदौर द्वारा श्री गुरुदेव दत्त जयंती महोत्सव 5 दिसम्बर को छत्रीबाग स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में आयोजित,जिसमें सुबह प्रभातफेरी निकली, कांकड़ा आरती हुई,धर्म ध्वजा दण्ड का पूजन हुआ। समाज अध्यक्ष आर डी फरकिया एवं सचिव अशोक मेहता ने बताया कि दत्त जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार सभा द्वारा महोत्सव आयोजित किया।

## कॉयनस्विच ने जारी की वीडीए हैण्डबुक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कॉयनस्विच ने आज वर्चुअल डिजिटल असेट्स डीकोडेड के लॉन्च की घोषणा की है। यह देश की पहली व्यापक हैण्डबुक है, जिसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों, साइबरक्राइम युनिट्स एवं नीति निर्माताओं को तेज़ी से बदलते वीडीए सिस्टम को समझने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। देश भर में क्रिप्टो का अडॉप्शन तेज़ी से बढ़ रहा है, ऐसे में पुलिस और साइबरक्राइम युनिट्स को डिजिटल असेट्स से जुड़े मुश्किल मामलों का सामना करना पड़ रहा है।

**परेशानी-बीआरटीएस** रैलिंग हटाई, बस स्टैंड यथावत रखे गए, जबकि इन्हें भी तत्काल हटा दिया जाना था

# 17 स्टेशनों के यात्री फिलहाल सड़क पर कर रहे बसों का इंतजार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● निरंजनपुर चौराहा से लेकर राजीव गांधी चौराहा तक साढ़े 11 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस को हटाने का काम तेजी से शुरू हो गया है। कोर्ट की फटकार ने बाद निगम ने इस कार्य को गंभीरता से लिया था। बीआरटीएस के आधे हिस्से में कई जगह से एक तरफ की रैलिंग हटा दी गई है, जबकि, वहां के बस स्टैंड यथावत रखे हैं। इससे यात्री बस स्टैंड से टिकट लेकर सड़क पर बस का इंतजार कर रहे हैं। यह स्थिति 17 स्टेशनों पर बनी हुई है। स्टैंड कब हटेंगे और नए कहां पर कब बनेंगे, इसे लेकर अभी कोई ठोस योजना निगम ने नहीं बनाई है। बीआरटीएस की रैलिंग उखड़ते ही जाम लग रहा है। 350 करोड़ के बीआरटीएस को खत्म करने के बाद दोबारा इस मार्ग का ट्रैफिक सुधारने निगम को करोड़ों रुपए खर्च करना होंगे। दोनों तरफ से बंद कर रेलिंग हटाने का काम किया जा रहा है। इस समय डिवायडर लगाने और बस स्टेंड को हटाने का काम भी तो लगे हाथ कर दिया जाना चाहिए। सिर्फ रेलिंग हटाएंगे तो बाद में स्टेंड हटाने के लिए फिर से रोड़ को बंद करना होगा जिसके कारण हजारों लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

दोबारा बस स्टैंड हटाने के लिए फिर से एबीसीडी शुरू करेंगे। बड़ा सवाल जनता के मन में बार बार उठ रहा है। एक साथ दोनों काम भी हाथोंहाथ करना चाहिए लेकिन यहा पर एक ही काम कर रहें है दोबारा बस स्टैंड हटाने के लिए उसके लिए फिर से नई एबीसीडी शुरू करेंगे। इसके लिए एक बार फिर से शहर का ट्रैफिक रोकना पड़ेगा जिसके लिए कई दिनो तक हजारों लोग परेशान होंगे वह अलग।

### बीआरटीएस की रैलिंग हटते ही लग रहा जाम



### जो बसें सरपट गति से चलती थी, वह रेंगते हुए निकल रही

हाईकोर्ट के आदेश पर निगम ने बीआरटीएस की रैलिंग उखाड़ने का काम तेजी से शुरू कर दिया है। रैलिंग उखड़े हिस्से के बाहर बसें चल रही है, जिससे जाम की स्थिति बनने लगी है। जो बसें बीआरटीएस पर सरपट गति से चलती थी, वह रेंगते हुए निकलती है। इससे यात्रियों को गंतव्य पहुंचने में विलंब हो रहा है। यही नहीं, बीआरटीएस के कुछ हिस्से में टिकट विंडो बना है। यात्रियों को यहां से टिकट लेकर बीआरटीएस के बाहर आकर मुख्य मार्ग पर बस के इंतजार में खड़ा होना पड़ता है, इससे भी यात्री परेशान हैं। बीआरटीएस के डिवाइडर ध्वस्त कर उस हिस्से पर सीमेंटीकरण किया गया है, जिससे छोटे वाहन चालकों को आवाजाही में सुगमता हो रही है।

न्यूज ब्रीफ

## दशहरा मैदान पर उतर आई जनकपुरी, प्रभु राम के धनुष उठाते ही समूची वाटिका गूंज उठी जय जय सियाराम के उद्घोष से

**इंदौर** • दशहरा मैदान रामायण वाटिका पर चल रही श्रीराम शौर्य कथा में शुक्रवार को जैसे ही प्रभु श्रीराम ने जनकपुरी के राज दरबार में शिव धनुष को उठाया, समूचा पंडाल भगवान श्रीराम और सीताराम के जयघोष से गूंज उठा। अयोध्या से आए आचार्य और मानस मर्मज्ञ शांतनु महाराज ने कथा के दौरान पहले मुनि विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण के जनकपुरी पहुंचे से लेकर धनुष यज्ञ में शामिल होने आए अन्य राजाओं के बल और प्रयासों का रोचक वृत्तांत सुनाया और जब प्रभु श्रीराम ने सहज रूप से धनुष उठाकर खींचा, हजारों श्रद्धालु झूम उठे। आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और बधाई गीतों की मंगल बेला में जैसे ही राम ने सीता को वरमाला पहनाई समूचा परिसर जय जय सियाराम के उद्घोष से गूंजायमान हो उठा।

## भगवान शंखेश्वर पार्श्वनाथ, नाकोड़ा भैरव देव, भौमियाजी एवं मालवा विभूषण आचार्य

**इंदौर** • द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन मंदिर शुक्रवार को दिनभर भगवान शंखेश्वर पार्श्वनाथ, नाकोड़ा भैरव देव, भौमियाजी एवं मालवा विभूषण आचार्य वीररत्न सूरीश्वर म.सा. के जयघोष से गूंजायमान बना रहा। सुबह जैनाचार्य प.पू. आचार्य श्रीमद विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर, आचार्य श्रीमद विजय जिन सुंदर सूरीश्वर, आचार्य श्रीमद विजय धर्मबोधि सूरीश्वर म.सा. के साथ 50 से अधिक साधु-साध्वी-भगवंतों की निश्रा में नूतन मुनिराज कलश पुण्यविजय म.सा. की बड़ी दीक्षा का महोत्सव संपन्न हुआ, वहीँ दोपहर में 12.39 बजे शुभ मुहूर्त में मंदिर परिसर में गुरु मूर्ति और देव प्रतिष्ठा की शास्त्रोक्त विधियाँ विधिकारक अरविन्द चोरड़िया के निर्देशन में संपन्न हुई। इन सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य महोत्सव शनिवार 6 दिसम्बर को सुबह 6.30 बजे द्वारोदघाटन के बाद सुबह 9 बजे शीतलनाथ जैन मंदिर पर संपन्न होगा।

## 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' अभियान की तैयारियां शुरू

**इंदौर** • झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान की प्रवर्तक संस्था 'सेवा सुरभि' द्वारा 2026 में भी अभियान की जोरदार तैयारियां शुरू हो गई है। इंदौर नगर निगम, जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस एवं विकास प्राधिकरण की सहभागिता में होने वाले इस अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने एवं प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा के लिए अभियान से जुड़े गणमान्य सदस्यों एवं स्वागत समिति की आवश्यक बैठक रविवार 7 दिसंबर को एबी रोड स्थित होटल श्रीमाया पर रखी गई है। संस्था की ओर से संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा, संजय पटेल एवं कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों सहित अभियान से जुड़े सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होकर झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान के स्वरूप आदि पर विचार मंथन करेंगे।

# हाईवे पर धाकड़ कांड जैसा एबीवीपी नेता का वीडियो, खुले मैदान में अश्लील हरकतें करते दिखा; फोरेंसिक जांच में फेक निकला

**भोपाल (एजेंसी)** • करीब 6 महीने पहले प्रदेश के मंदसौर जिले में एक अश्लील वीडियो सामने आया था। वीडियो, भाजपा नेता मनोहरलाल धाकड़ का बताया गया। उसे हाईवे पर अश्लील हरकत करते सीसीटीवी कैमरे में कैद बताया गया। अभी भाजपा इस मामले को संभाल भी नहीं पाई थी कि अनूपपुर जिले में संघ के अनुषांगिक छात्र संगठन एबीवीपी से जुड़े युवा नेता का बताकर एक वीडियो वायरल किया जाने लगा। इस वीडियो में युवा नेता आयुष राय को खुले में अश्लील हरकत करते दिखाया गया। भाजपा की किरकिरी तो हुई ही आयुष राय की जिंदगी ही बदल गई। कल तक सम्मान की नजरों से देखने वाले लोगों ने उनसे किनारा करना शुरू कर दिया। अब फोरेंसिक जांच रिपोर्ट से उन्हें राहत मिलती नजर आ रही है।

20 अगस्त को कोतमा के आयुष ने अमरकंटक थाने में शिकायत की कि स्थानीय युवक ने अपने वेब पोर्टल और यूट्यूब चैनल में आयुष का बताकर वीडियो अपलोड किए हैं। वीडियो में उसे अश्लील हरकत करते दिखाया गया है। फेसबुक आईडी चलाने वाले एक युवक रामबाबू चौबे ने भी अपने अकाउंट से पोस्ट कर लिखा- 'श्रीराम के नाम गमछा बिछाकर अवैध कृत्य किया जा रहा है। हिंदू समाज को आहत कर रहा है।' आयुष ने पुलिस को बताया कि वह एबीवीपी का जिला संयोजक है, ऐसे में विरोधी राजनीतिक गुट के लोग उससे वैमनस्य रखते हैं। राजनीतिक दुश्मनी निकालने के लिए उन्होंने फर्जी वीडियो का सहारा लिया। फोन करके चेतावनी देने के बाद भी उन्होंने ये वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। आयुष ने कहा कि इस डीपफेक वीडियो के कारण मेरी छवि खराब हुई। मैं पत्रकारिता का विद्यार्थी हूं। पीजी कर रहा हूं। मेरी पढ़ाई पर असर पड़ा। मेरे परिवार की सामाजिक छवि खराब हुई। मेरे पिताजी को मानसिक आघात सहना पड़ा। ऐसे फेक वीडियो के कारण कई लोग खुदकुशी कर लेते हैं। इसे सहन करना आसान नहीं है। भारत में अभी तक डीपफेक के लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं बना है, लेकिन मौजूदा कानूनों के तहत इसे अपराध माना जाता है। ये कानून डीपफेक से जुड़े अपराधों जैसे धोखाधड़ी, मानहानि, निजता उल्लंघन, अश्लील सामग्री और गलत सूचना को कवर करते हैं।

### वीडियो एडिटेड, डीपफेक भी हो सकता है

कुलदीप वर्मा, साइबर फोरेंसिक जांच अधिकारी ने बताया कि धुंधला वीडियो था। कहना मुश्किल था कि ये वीडियो सही है या गलत। हमने इसकी बारीकी से जांच की तो इस बात की पुष्टि नहीं हुई कि ये वही शख्स है जिसका दावा वीडियो को लेकर किया जा रहा था। हालांकि इस बात की पुष्टि हो गई कि ये वीडियो एडिटेड है और डीपफेक भी हो सकता है।

## आज होमगार्ड का स्थापना दिवस मनेगा मंत्री विजयवर्गीय लेंगे परेड की सलामी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शनिवार को होमगार्ड का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। होमगार्ड लाइन में परेड का आयोजन होगा। इसके साथ ही यहां पर कई आयोजन भी होंगे। वहीं, एसडीईआरएफ यहां मॉकड्रिल भी करेगा। होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस 6 दिसंबर को मनाया जाएगा। बजे होमगार्ड लाईन बिशप हाउस व्हाईट चर्च के पास इंदौर में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया है।

### मंत्री विजयवर्गीय होंगे शामिल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे परेड का निरीक्षण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस मौके पर आकर्षक परेड आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में सिविल डिफेंस द्वारा आत्मरक्षा संबंधी नाटिका का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। एसडीईआरएफ द्वारा मॉकड्रिल की जाएगी और उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।



## रणजीत हनुमान मंदिर में चल रही प्रभातफेरी की तैयारी, ढोल-बाजों की टीमों ने भी ताल मिलाना शुरू किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • रणजीत हनुमान मंदिर में प्रभातफेरी की तैयारियां जोरों पर है। मंदिर में अलग-अलग कामों की जिम्मेदारी भी अलग-अलग लोगों को दी जा चुकी है। रथ को भी मंदिर परिसर से बाहर निकालकर ग्राउंड में लाया जा चुका है। इसे चलाकर देखा जा रहा है कि इसमें कोई परेशानी तो नहीं आ रही है। इसके अलावा प्रभातफेरी में शामिल होने वाली झांकियां भी यहां तैयार की जा रही है। साथ ही ढोल ग्रुप के सदस्य भी रोजाना प्रैक्टिस कर रहे है। बता दें कि प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में 9 दिसंबर से 4 दिवसीय आयोजन की शुरुआत होगी। 12 दिसंबर को मंदिर से सुबह 5 बजे विशाल प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर मंदिर में तैयारियां तेज हो गई है। मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि प्रभातफेरी के लिए रथ को मंदिर से निकालकर ग्राउंड में खड़ा किया गया है। रथ को चलाकर देखा जा रहा है, ताकि कोई दिक्कत हो तो वहीं ठीक की जा सके। शुक्रवार रात इसे बाहर सड़क पर भी चलाकर ट्रायल किया गया। इस बार प्रभातफेरी में मंदिर की झांकियां भी शामिल होंगी। जिन्हें बनाने का काम मंदिर के ग्राउंड में किया जा रहा है। दो अलग-अलग झांकियां तैयार की जाएगी। इसे भक्त मंडल के सदस्य ही तैयार करा रहे हैं। पहली झांकी रामायण की थीम पर रहेगी। इसके अलावा दूसरी झांकी में एलईडी लगवाई जाएगी, जिसके माध्यम से मंदिर में चलने वाले सेवा कामों को बताया जाएगा। साथ ही मंदिर में होने विकास कामों को भी बताया जाएगा।



प्रभातफेरी में हनुमंत ध्वज पताका ग्रुप के सदस्य ढोल की प्रस्तुतियां देते हुए चलेंगे। इसके लिए ग्रुप द्वारा मंदिर परिसर के ग्राउंड में रोजाना रात में प्रैक्टिस की जा रही है। बड़े-बड़े ढोल के साथ ही अन्य वाद्य यंत्रों के माध्यम से ग्रुप के सदस्य अपनी प्रैक्टिस कर रहे है। इसके अलावा बड़ा रस्सा लेकर प्रभातफेरी में व्यवस्था संभालने वाले भक्त मंडल के सदस्य भी अपनी प्रैक्टिस कर रहे है। बता दें कि इस आयोजन में करीब दो हजार से ज्यादा भक्त मंडल के सदस्य शामिल होकर अपनी सेवाएं देंगे।

## राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त पैरा एथलीट पूजा गर्ग का इंदौर आगमन पर भव्य अभिनंदन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय 'बेस्ट दिव्यांगजन' पुरस्कार से सम्मानित पैरा एथलीट पूजा गर्ग के इंदौर लौटने पर शहर ने गर्व के साथ उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति भवन में उपलब्धि दर्ज कराने के बाद अपने गृह नगर पहुँचने पर विंध्य हिमालय संस्था के वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्यमपति श्री प्रहलाद गर्ग, तथा गोल्डकॉईन सेवा ट्रस्ट की ओर से श्री संजय अग्रवाल ने उनके निवास पर पहुँचकर शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह के साथ उनका अभिनंदन किया। सम्मान समारोह घरेलू वातावरण में सादगी एवं गौरव के साथ संपन्न हुआ, जिसमें दोनों संगठनों ने कहा कि पूजा गर्ग की उपलब्धि केवल व्यक्तिगत



विजय नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश और देश के लिए प्रतिष्ठा और प्रेरणा का स्रोत है। विंध्य हिमालय संस्था के श्री प्रहलाद गर्ग ने पूजा को सम्मानित करते हुए कहा 'पूजा गर्ग ने उन सीमाओं को तोड़ा है, जिन्हें दुनिया असंभव समझती है। इनकी जिद, अनुशासन और राष्ट्रीय भावना हर नागरिक के लिए प्रेरणा हैं। हम सबको इन पर गर्व है।'

## एयर ट्रैफिक में व्यवधान को रोकने के प्रयास आवश्यक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा बताया गया कि एयरपोर्ट के आस पास के क्षेत्र में पक्षियों के उड़ान की गतिविधियाँ बढ़ रही है। इसके लिए ऐसे उपाय की ये जाए कि जिससे पक्षी आकर्षित न हो। पर्यावरण की शुद्धता से भी यह आवश्यक है। बताया गया कि 2012 में पक्षियों की उड़ान की गतिविधियां 6 देखी गई, जबकि इस वर्ष 2025 में सबसे अधिक 26 गतिविधियां देखी गई है। जो एयर ट्रैफिक के नजरिये से ठीक नहीं है। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने वन और नगर निगम दोनों विभागों को इसको दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। बैठक में इंदौर एयरपोर्ट निदेशक सुनील मग्गिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी हेमंत गुप्ता, एयरलाइन्स प्रबन्धक सहित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इंदौर विमानतल के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नगर निगम क्षेत्र के आसपास की 8 पंचायतों में होंगे स्वच्छता के कार्य - डॉ. खाड़े

### सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े की अध्यक्षता में हुई विमानतल पर्यावरण समिति की बैठक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विमानतल प्रबंधन समिति द्वारा रखें गए विषय के सम्बंध में सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर नगर निगम क्षेत्र के आसपास आने वाली 8 पंचायतों में स्वच्छता के कार्य प्रारम्भ होंगे। प्रबंधन समिति ने एयरपोर्ट की सीमा से लगे क्षेत्र में कचरा, अनावश्यक खाद्य पदार्थों का संग्रहण और फलों वाले बड़े-बड़े पेड़ो की समय पर कटाई आदि के सम्बंध में चर्चा के लिए बिंदु रखें गए। प्रबंधन द्वारा एयरपोर्ट के दायरे में अनावश्यक रूप से पक्षियों के रहवास तथा उड़ने की गतिविधियों को रोकने के लिए वन विभाग और नगर निगम द्वारा आवश्यक सहयोग मांगा।

## भव्य जिनालय के लिए शिला पूजन समारोह आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर-उज्जैन राजमार्ग स्थित श्री चामुंडेश्वरी पार्श्वनाथ विहार पर भव्य जिनालय एवं उपाश्रय का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए शिला पूजन समारोह शनिवार 6 दिसम्बर सुबह 7.30 बजे प.पू तीर्थ रत्न सागर म.सा. एवं प.पू. साध्वी वर्या श्री सुधाशना श्रीजी म.सा. आदिठाना की पावन निश्रा में होगा। श्री पार्श्व नवरत्न विहार धाम ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष दीपक सुराना, उपाध्यक्ष प्रीतेश ओस्तवाल, सचिव अंकित मारू एवं कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र नाहर ने बताया कि जैनाचार्य युवा हृदय सम्राट प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. की प्रेरणा और मार्गदर्शन में शनिवार 6 दिसम्बर को सुबह 7.30 बजे ओजस्वी प्रवचनकार मुनिराज प.पू. तीर्थरत्न सागर म.सा. एवं प.पू. साध्वी वर्या श्री सुधाशना श्रीजी म.सा. आदिठाना की पावन निश्रा में शिला मुहूर्त होगा तथा सुबह 9 बजे धर्मसभा भी होगी। श्री चामुंडेश्वरी पार्श्वनाथ विहार कॉलोनी पर इस अवसर पर सुबह 10 बजे से स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी रखा गया है। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रमुख मार्गदर्शक एवं सरक्षक ललित सी. जैन तथा मनीष सुराना और संरक्षक मंडल के दिलसुखराज कटारिया, कांतिलाल बम, जयसिंह जैन, इक़बाल सिंह गांधी, अरुण चोरड़िया, स्वप्निल कोठारी एवं मुंबई के नरेन्द्र वाणीगोता भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ट्रस्टी मंडल के प्रकाशचंद सुराना, चेतन जैन, अतुल कोठारी, विकास जैन, अर्पित मारू, सुमित घोडावत, हर्षित पोरवाल एवं हेमन्त जैन के अनुसार शिला स्थापना के मुख्य लाभार्थी सीताराम पार्क कॉलोनी इंदौर के शैतानमल-सुभद्रा, दीपक-अभिलाषा एवं व्होरा परिवार होंगे।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़.... काम दिलाने के नाम पर लड़कियों का शोषण, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर में देह व्यापार का काला कारोबार लगातार पैर पसार रहा है। पुलिस की सख्त कार्रवाई और कई बार हुई छापेमारियों के बावजूद यह गंदा धंधा विदुर नगर और द्वारकापुरी जैसे इलाकों में बार-बार नए रूप में सामने आ रहा है। ताज़ा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है, जहां नाजिया खान नामक महिला ने काम दिलाने और अच्छी कमाई का सपना दिखाकर गरीब व मजबूर युवतियों को देह व्यापार में धकेलने का संगठित जाल बिछा रखा था। राजेंद्र नगर पुलिस को कुछ दिनों पहले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से सूचना मिली थी कि विदुर नगर के भीतर अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना पुख्ता मानते हुए पुलिस ने तुरंत टीम गठित कर दबिश दी। रेड के दौरान कई संदिग्ध हालात मिले, लेकिन नाज़िया खान पुलिस को चकमा देकर बच गई थी। इसके बाद पुलिस व बजरंग दल पर झूठी छापेमारी का आरोप लगाते हुए मानहानि केस करने की धमकी भी दी थी। यही वह मोड़ था जहां कहानी ने नया रुख लिया। छापेमारी के बाद खुद को निर्दोष बताकर नाजिया खान उसके इरादों पर तब पानी फिर गया जब उसी के यहां काम करने वाली एक युवती ने थाना राजेंद्र नगर पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। आवेदन में युवती ने खुलासा किया कि नाजिया खान और उसकी एक महिला साथी ने 'अच्छी आमदनी वाली नौकरी' का लालच देकर उसे बुलाया, और फिर धीरे-धीरे देह व्यापार में उतरने का दबाव बनाने लगीं।

## भारत भूमि में जन्म लेना तभी सार्थक होगा जब हम सनातन संस्कृति के अनुरूप आचरण करेंगे

**इंदौर** • जिनकी श्रद्धा हमारी संस्कृति में नहीं हैं उन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वेदांत का मूल तत्व ज्ञान है। वेदांत कहने की नहीं, करने की प्रेरणा देता है। जिस तरह शरीर की भूख मिटाने के लिए अन्न और जल की जरूरत होती है, उसी तरह आत्मा की भूख मिटाने के लिए वेदांत तत्व को जानने और समझने की जरूरत होती है। हमारा भारत भूमि में जन्म लेना तभी सार्थक होगा, जब हम सनातन संस्कृति के अनुरूप आचरण करेंगे। शासन वह श्रेष्ठ होता है, जिसमें अनुशासन हो। राष्ट्र और धर्म की रक्षा शास्त्र नहीं शास्त्रों से करना होगी। इसके लिए सबको सतर्क और जागरूक होना पड़ेगा तभी हमारा देश और सनातन संस्कृति सुरक्षित रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज ने शुक्रवार को बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर 58वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन में उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश निःशुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### बूथ अधिकारियों पर क्यों बढ़ा बोझ? सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद सामने आईं चुनाव व्यवस्था की खामियां

देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम का दबाव अब कुछ कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने इन अधिकारियों के कामकाज के घंटों में कमी लाने के लिए राज्य सरकारों को अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती करने का निर्देश दिया है। दरअसल, पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारी साथ में अपनी सामान्य जिम्मेदारियों का भी निर्वहन कर रहे हैं और काम का बोझ बढ़ जाने के कारण उन्हें कई तरह की परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। मगर सवाल है कि इस समस्या के समाधान के लिए आखिर शीर्ष अदालत को निर्देश क्यों जारी करने पड़े? निर्वाचन आयोग और राज्य सरकारों को इस मामले में अपनी जिम्मेदारी का एहसास क्यों नहीं हुआ? आए दिन बूथ स्तरीय अधिकारियों की मौत, आत्महत्या, स्वास्थ्य बिगड़ने या नौकरी छोड़ने की खबरें आ रही हैं। मगर न तो निर्वाचन आयोग और न ही राज्य सरकारों ने गंभीरता दिखाते हुए कोई प्रभावी कदम उठाने की जरूरत समझी। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि निर्वाचन आयोग जल्दबाजी में इस कार्य को क्यों पूरा करना चाहता है। क्या आयोग को इस बात का भान नहीं था कि इतने कम समय में इस कार्य को पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न कराने में व्यावहारिक रूप से परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। पुनरीक्षण में लगे कर्मी और विपक्षी दल कई दिनों से समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इस पर निर्वाचन आयोग ने पहल तो की, लेकिन सिर्फ एक सप्ताह का ही समय बढ़ाया। असल में देखा जाए तो पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्राथमिक जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की ही है। अगर इस कार्य में कर्मियों की कमी महसूस की जा रही है, तो आयोग खुद राज्यों को अतिरिक्त कर्मी तैनात करने को कह सकता था और शीर्ष अदालत को भी इस तरह का निर्देश जारी करने की जरूरत नहीं पड़ती। अब देखना यह है कि राज्य सरकारें किस स्तर पर अतिरिक्त कर्मियों की व्यवस्था कर पाती हैं, क्योंकि राज्यों के पास अपने सामान्य कामकाज को समय पर निपटाने की भी चुनौती है।

# पुतिन की भारत यात्रा: नयी विश्व राजनीति की आहट

**पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है।**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना। इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नए युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है।

भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रुवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दर्शाता है।

पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रूवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नए विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निर्माता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दर्शाता है।

भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है।

भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है-कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझाकृचाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएँ हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष हैरू योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कलाकृसबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाए रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दर्शाते हैं। पुतिन की इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है कि यह बताती है कि भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुध्रूवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है। पश्चिमी देशों की आलोचना और प्रतिबंधों के बावजूद भारत और रूस ने अपने संबंधों को न केवल जीवित रखा बल्कि सुदृढ़ किया।

इस मुलाकात से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई गति मिलेगी, रक्षा उत्पादन को स्वदेशीकरण का बल मिलेगा, व्यापार एवं तकनीकी सहयोग विस्तृत होगा और रणनीतिक विश्वास की डोर और मजबूत होगी। पुतिन और मोदी की यह वार्ता बताती है कि भूराजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अत: कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नई ऊर्जा, नए दृष्टिकोण और नई साझेदारियों की शुरुआत है-जहाँ भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था के निर्माता भी हैं। यह यात्रा उसी निर्माण का नवीन अध्याय है, जिसमें पुराने भरोसे से जन्म ले रहा है एक नया भविष्य।

– ललित गर्ग, लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## आंचलिक

# गांजे के 2 क्विंटल पौधे जब्त, कपास के बीच लगाए थे, तीन किसानों पर केस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • जिले में इंदौर सीमा से सटे काकड़दा क्षेत्र के भवनतलाई और हिंडोला गवाड़ी गांवों में पुलिस ने अवैध गांजे की खेती पकड़ी है। तीन किसानों के खेतों से कुल 278 गांजे के पौधे जब्त किए गए हैं, जिनका वजन 197.820 किलोग्राम है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 9 लाख 88 हजार 500 रुपए बताई जा रही है। पुलिस की कार्रवाई से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए। महेश्वर थाना में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। शुक्रवार को एसपी रवींद्र



वर्मा ने बताया कि पुलिस को काकड़दा क्षेत्र के भवनतलाई निवासी कैलाश पिता रामा डावर, दिनेश पिता रामा डावर और हिंडोला गवाड़ी निवासी सुरेश पिता हरेसिंह निनामा के खेतों में कपास की फसल के बीच गांजे के पौधे लगाए जाने की सूचना मिली थी।

### कहां से कितने गांजे के पौधे मिले?

भवनतलाई में कैलाश पिता रामा डावर के खेत से 36 गांजे के पौधे जब्त किए गए, जिनका वजन लगभग 33.410 किलोग्राम और कीमत 1 लाख 67 हजार रुपए है। इसी तरह, दिनेश पिता रामा डावर के खेत से 142 गांजे के पौधे बरामद हुए, जिनका वजन 49.110 किलोग्राम और अनुमानित कीमत 2 लाख 45 हजार रुपए है। हिंडोला गवाड़ी में सुरेश पिता हरेसिंह निनामा के खेत से 100 गांजे के पौधे जब्त किए गए, जिनका वजन 115.300 किलोग्राम और कीमत 5 लाख 76 हजार 500 रुपए आंकी गई है।



## महिलाओं ने खेत में छिपाई शराब नष्ट की, कलेक्टर से शिकायत के बाद आबकारी विभाग ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • महाराष्ट्र सीमा से सटे नीमखेड़ा और मिटावल क्षेत्रों की महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ प्रदर्शन किया। शुक्रवार को उन्होंने खेतों में ड्रमों में भरकर छिपाई गई शराब को नष्ट कर दिया और जमकर नारेबाजी की। महिला शक्ति जिंदाबाद और पीने वाले मुर्दाबाद.. के नारे लगाए। महिलाओं ने कलेक्टर से क्षेत्र में शराब बिक्री रोकने की मांग की थी। उनका आरोप था कि अवैध शराब के कारण असमय मौतें हो रही हैं, घरों में विवाद बढ़ रहे हैं और नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है। उन्होंने दो दिन पहले जनसुनवाई में भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। महिलाओं के इस विरोध के बाद आबकारी विभाग की टीम ने उप निरीक्षक सार्थक वर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की। विभाग ने क्षेत्र में 17 स्थानों पर छापे मारे और 11 लोगों को गिरफ्तार किया इस दौरान 14 क्विंटल महुआ लहान सहित लगभग डेढ़ लाख रुपए मूल्य की सामग्री जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि वे क्षेत्र में अवैध कच्ची-पक्की शराब के निर्माण और बिक्री को बर्दाश्त नहीं करेंगी।

## शुगर मिल में पिराई शुरू, इस साल 4919 हेक्टेयर में बोए गई फसल, कटाई में तेजी, हर साल घट रहा आंकड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • जिले के सरवर देवला स्थित जवाहरलाल नेहरू सरकारी शुगर मिल में इस सीजन की गन्ना पिराई शुरू हो गई है। मिल शुरू होने के साथ ही क्षेत्र में गन्ना कटाई का काम भी तेज हो गया है। इस वर्ष जिले में करीब 4919 हेक्टेयर में गन्ने की बुआई हुई है। अनुमान है कि लगभग 80 प्रतिशत गन्ना मिल तक पहुंचेगा। अधिकारियों का कहना है कि पिराई का सिलसिला लगभग तीन महीने चल सकता है।

सबसे अधिक गन्ना नर्मदा पट्टी वाले क्षेत्रों में बोया गया है। मिल शुरू होने से किसानों में उत्साह है, लेकिन कम उपज की समस्या भी सामने आ रही है। बोरावा के किसान त्रिलोकचंद सेठाना ने बताया कि उन्होंने दो जगह कटाई करवाई है, पर इस बार गन्ने में भराव कम मिल रहा है। उनका कहना है कि मजदूरों की कमी और कटाई में देरी पिछले कुछ सालों से गन्ना उत्पादन को प्रभावित कर रही है। सरवर देवला शुगर मिल में सिर्फ खरगोन ही नहीं, बल्कि बड़वानी और धार जिलों से भी गन्ने की आवक होती है। मिल प्रबंधन का कहना है कि किसानों से लगातार संपर्क में हैं और गन्ना खरीद सुचारू रूप से की जा रही है। गन्ने के रकबे में पिछले वर्षों में कमी भी देखने को मिली है। आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में 4919 हेक्टेयर, 2022-23 में 8611 हेक्टेयर, 2021-22 में 6500 हेक्टेयर, 2020-21 में 6900 हेक्टेयर, जबकि 2019-20 में 4000 हेक्टेयर में गन्ने की खेती की गई थी। रकबे में उतार-चढ़ाव किसानों की बदलती परिस्थितियों और श्रमिकों की उपलब्धता पर निर्भर रहा है।

# मोरटक्का पुल पर एनएचएआई ने कराई मार्किंग रात के अंधेरे में नहीं दिखते थे स्पीड ब्रेकर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआई ने स्पीड ब्रेकर पर मार्किंग की है। मोरटक्का पुल के दोनों साइड पर बने हार्ड स्पीड ब्रेकर पर मार्किंग नहीं होने से आए दिन ब्रेकर से वाहन उछल रहे थे, जिससे दुर्घटनाएं हो रही थीं। रात के अंधेरे में ये ब्रेकर और भी खतरनाक हो जाते थे। एनएचएआई खंडवा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशुतोष सोनी को नगर के मोहित साहू, गणेश नरीया, अशोक जाधव ने ब्रेकरों से हो रही दुर्घटनाओं को लेकर अवगत कराया और



ब्रेकर पर मार्किंग किए जाने की मांग की। सोनी ने तत्काल हाईवे निर्माण कर रही कंपनी को मार्किंग करने के निर्देश दिए। कंपनी ने रोड़ मार्किंग मशीन बुलाकर इन खतरनाक ब्रेकरों पर मार्किंग की, जिससे अब दुर्घटनाओं में कमी आएगी और जाम से निजात मिलेगी।

**पूर्व में हो चुकी है कई घटनाएं-** मोरटक्का पुल पर पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे वाहनों को नुकसान पहुंचा है और पुल पर लंबा जाम लग गया था। ग्रामीणों ने एनएचएआई को मार्किंग करवाने के लिए धन्यवाद दिया हैं। बता दें कि, 1947 में निर्मित इस पुल पर 25 टन से अधिक वजनी वाहनों के आवागमन पर रोक है, लेकिन इसके बावजूद 80 टन से अधिक वजनी वाहन धड़ल्ले से चल रहे हैं। पुल की जर्जर स्थिति के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं।

## बीज विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित, नमूने अमानक पाए जाने पर कृषि विभाग की कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • कृषि विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ बीज विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए। यह कार्रवाई बीज के नमूने अमानक पाए जाने के बाद की गई है। उपसंचालक कृषि विभाग एमएस देवके ने बताया कि रबी वर्ष 2025 में किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के आदान विक्रेताओं से बीज के नमूने लिए गए थे। इन नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था। परीक्षण के दौरान आठ विक्रेताओं के बीज के नमूने अमानक स्तर के पाए गए। इनमें श्रीगणेश कृषि केन्द्र सिरपुर का मक्का बीज किस्म सायाजी 1018, मुक्ताई कृषि केन्द्र सिरपुर का मक्का बीज किस्म गोल्ड 1121, रितेश कृषि केन्द्र देड़तलाई का गेहूं बीज किस्म सायाजी 1111, श्री सांई सिद्धि एग्रो एण्ड हार्डवेयर धावटी का मक्का बीज किस्म सायाजी 1013, श्री हरी एग्रो नावरा का मक्का बीज किस्म एनके 6802, चेतन कृषि सेवा केन्द्र खकनार का मक्का बीज किस्म एनके 6802, सत्यम कृषि केन्द्र नेपानगर का गेहूं बीज किस्म सकुन 303 और हरियाली एग्रो एजेन्सी सिरपुर का मक्का बीज किस्म सायाजी 1012 शामिल हैं। अमानक पाए गए इन लॉट के बीजों के क्रय, विक्रय और भंडारण पर जिले में प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही संबंधित आठ विक्रेताओं के लाइसेंस भी निलंबित कर दिए गए हैं।

## मंदिर में चोरी करने वाले जीजा-साले निकले, शिव मंदिर से तांबे के नागदेवता की मूर्ति चोरी का खुलासा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • पंधाना के ग्राम दीवाल स्थित प्राचीन शिव मंदिर से तांबे के नागदेवता की चोरी की वारदात का पंधाना पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं, वो रिश्ते में सगे जीजा और साले हैं। पुलिस ने चोरी किया गया तांबे का नागदेवता बरामद किया है। मंगलवार-बुधवार की रात दीवाल स्थित प्राचीन शिव मंदिर से तांबे के नागदेवता की मूर्ति चोरी हुई। मंदिर के सेवादार ने बुधवार सुबह चोरी की सूचना पंधाना पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी राम उर्फ दादूराम और उसके जीजा लोकेश उर्फ नाना ने मिलकर इस चोरी को अंजाम दिया था।

## निंबोला ओवरब्रिज पर गन्ना भरी ट्रॉली पलटी, हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर गुरुवार रात निंबोला रेलवे ओवरब्रिज पर एक गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से लंबा जाम लग गया। रात करीब साढ़े आठ बजे हुए इस हादसे के कारण हाईवे पर दोनों तरफ लगभग 8 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। यह जाम रात साढ़े आठ बजे से शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात से आठ बजे तक, यानी लगभग 11 घंटे से अधिक समय तक बना रहा। इस दौरान सैकड़ों वाहन धीमी गति से रेंगते रहे, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। निंबोला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। यह घटना बुरहानपुर जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम निंबोला के पास रेलवे ओवरब्रिज पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रैक्टर पर दो ट्रॉलियां जोड़कर गन्ना झिरी स्थित शकर कारखाने ले जाया जा रहा था। ओवरब्रिज पर अचानक कुंदा टूटने से ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और गन्ना सड़क पर बिखर गया।

# 69 वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता संपन्न

## ओव्हर आल केरल राज्य का श्रेष्ट प्रदर्शन




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर मध्यप्रदेश की मेजबानी में राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता (14 वर्ष आयु वर्ग बालक - बालिका ) का एमराल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल में समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन इंदौर संभाग श्रीमती अनीता चौहान, डीईओ डॉ शांता स्वामी भार्गव, सहायक संचालक श्रीमती किरण बाला चौहान, उत्कृष्ट प्राचार्य श्रीमती पूजा सक्सेना, प्राचार्य मनोज खोपकर, एमराल्ड स्कूल के हेड कोच अकरम खान आदि की उपस्थिति में विजेता खिलाड़ियों को मैडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया। मीडिया प्रचार -प्रसार समिति के सदस्य दिनेश परमार ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में पुरे देश के 35 राज्य व यूनिट्स मिलाकर लगभग 850 से 900 खिलाड़ी ऑफिसियल सहित भाग लिया। प्रतियोगिता में ओवरआल केरल राज्य ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रारम्भ में सभी अतिथियों का संभागीय सहायक संचालक खेल श्री हेमंत कुमार वर्मा ने स्मृति चिन्ह व पौधे देकर सम्मान किया। अतिथियों ने समस्त स्टेट के कोच मैनेजर ऑफिसियल्स का शाल औड़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्राचार्य रमेश कुमार सेन, आर के कोरी, प्रकाश सिरवलकर, अरुण मित्तल, शिवनारायण कोगे,भूपेंद्रसिंह सोलंकी, वरिष्ठ खेल पीटीआई संजय वर्मा, अनिल गौड़, प्रकाश गौड़, हेमंत सिंह पंवार, मीडिया प्रचार -प्रसार समिति सदस्य अनुराग तिवारी,एमराल्ड हाईट्स स्कूल के विनोद कछावा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन ख्यात मंच संचालक वरिष्ठ व्याख्याता सुनयाना शर्मा ने किया एवं आभार हेमंत वर्मा ने माना।

# ओलंपिक के लिए अभ्यास में लगी है दीपिका



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● देश की शीर्ष महिला तीरंदाज तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करना है। दीपिका ने कहा कि वह इसी को देखते हुए दबाव वाले हालातों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं। चार बार की ओलंपियन दीपिका के अनुसार लॉस एंजिलिस ओलंपिक में उनके लिए पदक जीतने का अंतिम अवसर होगा। ऐसे में वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखेंगी। इसी वह इस बार नहीं तो अभी नहीं की मानसिकता के साथ उतरेंगी। दीपिका ने कहा कि अभी निकट भविष्य में उनका संन्यास का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है। दीपिका ने बताया कि उनकी वर्तमान ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस तीरंदाज ने कहा, 'मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह प्रीमियर लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका तीसरे एकदिवसीय में आज से

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)** ● भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले तीसरे एकदिवसीय को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। अभी तक ये सीरीज एक-एक से बराबरी पर है। भारतीय टीम ने पहला जबकि दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा मैच जीता था। भारतीय टीम को इस मैच में भी विराट कोहली और रोहित शर्मा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। विराट ने पहले दोनो एकदिवसीय में शतक लगाये थे जबकि रोहित ने पहले एकदिवसीय में अर्धशतकीय पारी खेली थी। भारतीय टीम दूसरे एकदिवसीय में 359 रन बनाने के बाद भी हार गयी थी। ऐसे में उसके गेंदबाजों को इस बार बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम को टॉस हारने से भी नुकसान हुआ ऐसे में टीम की कप्तानी कर के एल राहुल उम्मीद करेंगे कि वह टॉज जीत जायें। मैच के पहले पिच और मौसम की भी अहम भूमिका होगी । विशाखापत्तनम का मौसम खेल के लिए उपयुक्त होगा जबकि पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए सहायक होगी। यहां पर 300 से अधिक का लक्ष्य अच्छा माना जाएगा। भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हो सकते हैं लेकिन तिलक स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के भी हैं। भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।

# फिल्म 'तेरे इश्क में' की सफलता पर भावुक हुईं कृति



**मुंबई (एजेंसी)** ● कृति सेनन और धनुष की ताज़ा रिलीज़ फिल्म 'तेरे इश्क में' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों के प्यार और बेहतरीन कमाई ने फिल्म की टीम का उत्साह बढ़ा दिया है। खासकर कृति सेनन की एक्टिंग को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, जिसके बाद फैंस अभिनेत्री को हिंदी सिनेमा की उभरती हुई और दमदार परफॉर्मर बता रहे हैं। फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए किरदार 'मुक्ति' को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से खूब सराहना मिल रही है। इसी फैन लव को महसूस करते हुए कृति सेनन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कई इंफ्लुएंसर्स और फिल्म क्रिटिक्स उनकी एक्टिंग की खुलकर तारीफ करते दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि मुक्ति का किरदार कई परतों वाला और भावनात्मक रूप से बेहद पेचीदा था, जिसे कृति ने न सिर्फ ईमानदारी से निभाया, बल्कि पर्दे पर उसे जीवंत बना दिया। कई समीक्षा देने वालों का यह भी मानना है कि इस रोल को कृति जितनी बारीकी और संवेदनशीलता के साथ कोई और अभिनेत्री निभा ही नहीं पाती।



# ऋचा चड्ढा ने कैसे बदली अपनी जिंदगी और सोच

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री ऋचा चड्ढा आज अपनी निडर आवाज, बेबाक बयानों और मजबूत व्यक्तित्व के लिए पहचानी जाती हैं, लेकिन अभिनेत्री का कहना है कि वे हमेशा से ऐसी नहीं थीं। मुंबई में आयोजित 15वें इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट में उन्होंने अपने शुरुआती संघर्षों और उस दौर के दर्दनाक अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि एक समय ऐसा भी था जब वे बेहद डरपोक, समझौतावादी और खुद को कम आंकने वाली इंसान बन चुकी थीं। आज भले ही लोग उन्हें आत्मविश्वास और साहस की प्रतीक मानते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे का सच बिल्कुल अलग था। ऋचा ने एक घटना याद करते हुए बताया कि करियर की शुरुआत में उन्हें कई ऐसे काम स्वीकार करने पड़े जिन्हें करने में उन्हें असहजता महसूस होती थी। उन्होंने कहा, 'एक दिन मैं सेट पर खड़ी थी और मैंने खुद से पूछा मैंने ये फिल्म कब साइन की? मैं यहाँ क्या कर रही हूँ? मैं इस आइटम नंबर में क्यों हूँ? मुझे खुद समझ नहीं आ रहा था कि मैं कहाँ और कैसे फँस गई हूँ।' उन्होंने बताया कि एक डायरेक्टर ने उनसे कहा था कि मेल कोरियोग्राफर चाहिए और तुम्हें 'ऐसे-वैसे' करना है। यह सुनकर वे अंदर से टूट गईं और सोचने लगीं कि आखिर वे यहाँ तक कैसे पहुँच गईं। उन्हें बाद में अहसास हुआ कि किसी लोकल मैनेजर ने कुछ पैसे लेकर गलत रास्ते पर धकेल दिया था।

## उज्जैन संभाग

# महाकाल क्षेत्र में बदमाश का जुलूस निकाला गया, रंगदारी फैलाने का है आरोपी, युवक को चाकू भी मार चुका

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** ● महाकाल थाना क्षेत्र में एक युवक को चाकू मारने वाले बदमाश धर्मेंद्र योगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। बदमाश पर क्षेत्र में रंगदारी फैलाने और दहशतगर्दी का आरोप है। पुलिस ने उसे उसी क्षेत्र में उठक-बैठक भी लगवाई, जहां वह लोगों को डराता था।

यह घटना 25 नवंबर को हुई थी, जब फरियादी शशांक परिहार अपनी दुकान से जा रहे थे। बदमाश धर्मेंद्र योगी ने उन्हें रोककर शराब पीने के लिए 200 रुपए मांगे। शशांक के मना करने पर, बदमाश ने चाकू से उनकी जांघ पर वार कर दिया और फरार हो गया।

शशांक की रिपोर्ट पर पुलिस ने धर्मेंद्र योगी के खिलाफ मामला दर्ज किया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बदमाश के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर धर्मेंद्र पिता प्रेमनारायण योगी उर्फ पप्पू निवासी कतिया बाखल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया है।

गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने बदमाश धर्मेंद्र का महाकाल क्षेत्र में जुलूस निकाला। जिस क्षेत्र में वह दहशत फैलाता था, वहीं पर उसका जुलूस निकालने और उठक-बैठक करवाने का लोगों ने वीडियो भी बनाया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि धर्मेंद्र योगी एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ महाकाल थाने में पहले से 22 मामले दर्ज हैं। बदमाश को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# राधेश्याम परिहार को राष्ट्रीय सम्मान आईसीएआर किसान मेले में मिलेंगे 'मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया' और 'फार्मर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** ● जिले के ग्राम बिनायगा बड़ौद के प्रगतिशील किसान राधेश्याम परिहार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने जा रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) उन्हें नई दिल्ली में 7 से 9 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय किसान मेले में दो बड़े पुरस्कार 'मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया' और 'फार्मर ऑफ द ईयर' से सम्मानित करेगी। राधेश्याम परिहार को यह सम्मान जैविक खेती में उत्कृष्ट उत्पादन, आधुनिक तकनीकों के सफल उपयोग और किसान समूहों को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में विशेष योगदान के लिए दिया जा रहा है।

यह राष्ट्रीय सम्मान देशभर के चुनिंदा प्रगतिशील किसानों को दिया जाता है, जिन्होंने कृषि नवाचार, जैविक खेती और नई तकनीकों को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय काम किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आगर मालवा जिले से राधेश्याम परिहार का चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। राष्ट्रीय मंच पर मिलने वाले इस सम्मान से क्षेत्र के अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# शिप्रा शुद्धिकरण पर ध्यान दे प्रशासन, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष और संतो ने कहा- रामघाट पर शिप्रा का जल आचमन योग्य नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** ● अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखाड़ा परिषद महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, दत्त अखाड़ा के गादीपति पीर श्रीमहंत सुंदर पुरी महाराज सहित अन्य संतों ने शिप्रा के हरिहर घाट से लेकर छोटी रपट तक दौरा कर जल का आचमन किया। संतो ने शासन प्रशासन मांग की कि जिस प्रकार से सिंहस्थ 2028 के बड़े निर्माण कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है, उसी प्रकार सिंहस्थ 2028 का मुख्य आकर्षण शिप्रा नदी के शुद्धिकरण पर भी ध्यान दे। संतों ने कहा कि रामघाट पर जो शिप्रा नदी का जल है वह आचमन योग्य नहीं है, ऐसे में अभी से गंभीरता से ध्यान देना होगा।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि सिंहस्थ 2016 से पूर्व रामघाट के कुछ भाग में गाद निकालने का कार्य किया गया था, उसी प्रकार जहां से घाट निर्माण कार्य चालू हो रहा है, वहां से लेकर रामघाट के पूरे क्षेत्र में बड़ी-बड़ी मशीन उतार कर गाद निकलने का कार्य किया जाए इससे नदी का जो जल स्रोत रुका हुआ है, वह पुनः प्रारंभ हो सके।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अखाड़ा परिषद कार्यालय प्रयागराज में एक पत्र देकर मांग की गई थी की शिप्रा शुद्धिकरण और गहरीकरण पर ध्यान दें। उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ को लेकर शेव और वैष्णव अखाड़ों के बीच खींचतान लगातार बढ़ती जा रही है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पूरी ने चेतावनी दी है कि रामेश्वर दास महाराज के बयानों से संत समुदाय आक्रोशित है और स्थिति विवाद या मारपीट तक पहुंच सकती है।

# डिस्पोजल नहीं अपनाने की समझाइश, नहीं माने तो कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● नगर निगम शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 7 दिन नो-डिस्पोजल अभियान शुक्रवार से शुरू करने जा रहा है। निगम की आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) टीम सभी वार्डों में जाकर चाय दुकानों, गुमटियों और होटल संचालकों को डिस्पोजल के स्थान पर कांच, स्टील और मिट्टी के बर्तनों के उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। व्यापारियों से बात करने के साथ ही टीम द्वारा महापौर और निगम परिषद के निवेदन पत्र भी देते उन्हें डिस्पोजल से वाले नुकसान बताए जाएंगे। स्मार्ट सिटी द्वारा आईईसी गतिविधियों के लिए 8 करोड़ का टेंडर किया है। चार कंपनियों के 100 से ज्यादा वॉलंटियर शहर में जागरूकता गतिविधि करेंगे। इस क्रम में ही हर कचरा वाहन के साथ दो वॉलंटियर रहेंगे, जो व्यापारियों को भी समझाइश देंगे। निगम द्वारा 7 दिनों तक का समय दिया जाएगा। उसके बाद भी डिस्पोजल का उपयोग होता है, तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पानी-पतासे बेचने वालों को भी स्टील की प्लेट अपनाने की सलाह दी जाएगी। माधव नगर अस्पताल कैसर विभाग प्रभारी डॉ. अमीत सोनी ने बताया कि डिस्पोजल कप-ग्लास में लगी माइक्रो प्लास्टिक की परत गर्म चाय, कॉफी या सूप के संपर्क में आते ही पिघलने लगती है। इससे बीपीए, माइक्रो- प्लास्टिक और हानिकारक रसायन सीधे शरीर में पहुंच जाते हैं।

# 12 दिसंबर से स्काई डाइविंग की शुरुआत, 2 महीने चलेगा इवेंट; 10 हजार फीट की ऊंचाई से टूरिस्ट लगाएंगे छलांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● स्काई डाइविंग का पांचवां संस्करण 12 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो अगले 2 महीने यानी 15 फरवरी-26 तक चलेगा। दताना एयरस्ट्रिप उज्जैन में ये इवेंट होगा। उज्जैन में दो माह की अवधि के लिए टूरिस्ट 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी को नए और रोमांचकारी दृष्टिकोण से देख सकेंगे। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया, स्काई डाइविंग फेस्टिवल के चार सफल संस्करणों और एडवेंचर गतिविधियों के प्रति पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए इस वर्ष पांचवें संस्करण का आयोजन (लगभग दो माह के लिए) किया जा रहा है। विगत चार संस्करण में 700 से अधिक पर्यटकों ने इस रोमांचक गतिविधि का आनंद लिया है। दताना एयरस्ट्रिप पर एडवेंचर प्रेमी आसमान में उड़ने के रोमांच का अनुभव कर सकेंगे। स्काई डाइविंग का शुल्क तीस हजार रुपए प्लस जीएसटी रहेगा। हर रोज सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक समय है। प्रतिभागी बुकिंग 222.skyhighindia.com पर कर सकते हैं। स्काई डाइविंग का संचालन डीजीसीए एवं यूएसपीए द्वारा प्रमाणित संस्था स्काई-हाई इंडिया कर रही है। स्काई डाइविंग में उपयोग किए जाने वाले एयरक्राफ्ट का पंजीकरण नागरिक विमानन निदेशालय से सुनिश्चित है। संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित स्काई डाइवर एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ गतिविधि संचालित की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों को सुरक्षित और यादगार अनुभव प्राप्त हो सके।



मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड प्रदेश में विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। पर्यटक और एडवेंचर लवर्स जटाशंकर रॉक क्लाइम्बिंग चैलेंज (9 से 19 जनवरी 2026), फोरसिथ ट्रेल रन (8 फरवरी 2026), फोरसिथ ट्रेक (24 से 26 जनवरी 2026), बर्ड वॉक (वन विहार भोपाल, बिसन खेड़ी, दौलत बड़ौदा इंदौर, पोआमा नर्सरी छिंदवाड़ा), पेंच ट्रैकिंग ट्रेल सहित कई रोमांचकारी गतिविधियों का अनुभव भी ले सकते हैं।

# प्रदेश में 13,476 करोड़ रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट पास लाड़ली बहना, आवास और विकास को बूस्टर डोज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** मध्यप्रदेश विधानसभा में दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13476.94 करोड़ रुपए के प्रावधान की घोषणा की। यह बजट राज्य के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बजट में महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और ग्रामीण आवास जैसी कई योजनाओं के लिए धन आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के स्वप्न को साकार करने की दिशा में होगा।

**अनुपूरक बजट का उद्देश्य-** सीएम मोहन यादव ने दूसरा अनुपूरक बजट में 13476.94 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। इस बजट का उद्देश्य राज्य में विकास की गति को तेज करना और प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाना है। इसमें ग्रामीण आवास, महिला कल्याण, कृषि विकास और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने इस बजट को मध्यप्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

**मुख्यमंत्री का संबोधन :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा सत्र के समापन पर अपना संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने विपक्ष और सत्ता पक्ष के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सत्र लोकतंत्र के मूल्यों को स्थापित करने का कार्य करता है।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि विकास के लिए कोई कमी नहीं रहेगी और मध्यप्रदेश का भविष्य और अधिक उज्जवल होगा। उन्होंने इस बजट को विकास के एक नए अध्याय के रूप में देखा है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में दोनों पक्षों के सहयोग को सराहा और कहा कि सदन ने सकारात्मक



चर्चा की और राज्य की जनता के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी। उन्होंने इस सत्र के द्वारा राज्य के विकास की नींव और मजबूत होने की बात की।

**नए विधेयक की प्रस्तुति :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक महत्वपूर्ण विधेयक 'मध्यप्रदेश नगर पालिका संशोधन विधेयक 2025' प्रस्तुत किया। इस विधेयक में नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए प्रत्यक्ष प्रणाली को लागू किया जाएगा। यह कदम निकायों के कार्यों में सुधार लाने और उनका प्रशासनिक कार्य बेहतर बनाने के लिए है।

इस बजट में नए प्रावधान, योजनाओं की शुरुआत और पूंजीगत व्यय के लिए धन आवंटित किया जाता है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया द्वितीय अनूपूरक बजट 13476.94 करोड़ रुपये का है, जो राज्य के विकास को और गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू करने के लिए पेश किया गया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए प्रावधान

प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 4 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह राशि ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण के लिए आवंटित की जाएगी।

### लाड़ली बहना योजना के लिए प्रावधान

मुख्यमंत्री ने लाडली बहना योजना के लिए 1 हजार 794 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना में महिलाओं को स्वरोजगार, आर्थिक सहायता और शिक्षा के लिए अतिरिक्त सुविधाएं दी जाएंगी। यह राशि राज्य सरकार के महिला सशक्तिकरण के मिशन को और सशक्त बनाएगी।

### कृषि और उद्योग क्षेत्र के लिए प्रावधान

बजट में कृषि और उद्योग क्षेत्र के लिए 2 हजार करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना और उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देना है। विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में सिंचाई सुविधा, बीज वितरण और कृषक कल्याण के लिए योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। वहीं, उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नए निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की जाएंगी।

### स्थानीय निकायों के लिए प्रावधान

राज्य के स्थानीय निकायों को उनके कामकाजी दक्षता को बढ़ाने के लिए 1हजार 633 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इन निकायों के माध्यम से मूलभूत जन सुविधाएं जैसे स्वच्छता, जल आपूर्ति, और सड़क निर्माण जैसे कार्यों को सुनिश्चित किया जाएगा। 15वें वित्त आयोग द्वारा इस प्रावधान की सिफारिश की गई है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सेवाओं का विकास होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला कॉन्स्टेबल का दूसरे दिन भी नहीं हुआ पोस्टमार्टम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर के एरोड्रम में बुधवार रात महिला कॉन्स्टेबल प्रिया यादव ने आत्महत्या कर ली। वह ट्रैफिक पुलिसकर्मी कविंद्र यादव के साथ लिव-इन में रह रही थी। गुरुवार को परिवार के सदस्यों के नहीं आने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। शुक्रवार शाम तक भी पुलिस परिजनों का इंतजार करती रही, जिसके चलते दूसरे दिन भी प्रिया का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। एरोड्रम पुलिस ने महिला कांस्टेबल प्रिया यादव, पत्नी अमित कुमार राय, का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखवाया था। एरोड्रम पुलिस ने उसके परिवार को तारापुर, मुंगेर, बिहार में सूचना दी थी। उन्होंने शुक्रवार को इंदौर आने की बात कही थी, लेकिन शुक्रवार को भी परिवार का कोई सदस्य अस्पताल नहीं पहुंचा। डॉक्टरों ने भी थाने में प्रिया के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन परिवार के आने को लेकर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इधर, पुलिस ने इस मामले में अभी तक कविंद्र के बयान नहीं लिए हैं।

### आटे में 'खेल' करते पकड़ी गई फैक्ट्री, प्रशासन ने तुरंत जड़ा ताला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर में मिलावटखोरों और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री बनाने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन के दौरान दिए गए निर्देशों के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में 5 दिसंबर 2025 को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने पालदा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कलेक्टर शिवम् वर्मा के निर्देशन में प्रशासन की टीम लगातार शहर में खाद्य पदार्थों की शुद्धता जांचने के लिए अभियान चला रही है। इसी के तहत गुरुवार को टीम ने समता नगर, पालदा स्थित एस कुमार एंड कंपनी और अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

# एमवाय अस्पताल के डॉक्टर ने कट लेकर सुरेश भदौरिया के इंडेक्स अस्पताल भेजा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर और मप्र के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवाय में डॉक्टरों के कट प्रैक्टिस का खेल चल रहा है। चूहाकांड के बाद एमवाय में यह शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसमें एक डॉक्टर पर प्रबंधन द्वारा कार्रवाई की गई है। डॉक्टर द्वारा मरीज को सीबीआई और ईडी जांच के आरोपी सुरेश भदौरिया के इंडेक्स अस्पताल में भेजा गया। इन मरीजों का आयुष्मान योजना में फिर वहां उपचार होता है और निजी अस्पताल प्रबंधन की जेब में इसका पैसा जाता है।

मामला इंदौर एमवाय अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग से जुड़ा है। यहां के एक डॉक्टर द्वारा मरीज मरीज को लामा LAMA



(मेडिकल सलाह के विरुद्ध छुट्टी होना) कर इंडेक्स अस्पताल भेजने का मामला सामने आया है।

यह मामला तब खुला जब मरीज ने खुद इसकी शिकायत की। मरीज ने बताया कि कि रातभर जमीन पर बिना इलाज के रखा और सुबह डॉक्टर ने निजी अस्पताल में जाने के लिए कहा।

शिकायत के बाद डॉक्टर का 15 दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की गई है। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने कहा कि लामा रोकने के प्रयास हो रहे हैं, हाल ही में एक डॉक्टर पर कार्रवाई की है। एक कमेटी बनाई है जो लामा केस के मरीजों का रिव्यू करेगी।

जानकारी के अनुसार मरीज के इस धंधे में कट प्रैक्टिस के नाम पर मरीज के बनने वाले बिल में 10 फीसदी कमीशन दिया जाता है। जैसे यदि निजी अस्पताल में मरीज का तीन लाख का बिल बना तो संबंधित डॉक्टर को 30 हजार मिलेगा। आयुष्मान योजना के नाम पर यह खेल और तेज हो गया है।

एमवायएच अस्पताल में आने वाले मरीज को कुछ डॉक्टर और स्टाफ द्वारा यह कहा जाता है कि निजी अस्पताल में अच्छा इलाज मिलेगा और आयुष्मान के तहत फ्री भी होगा।

हालत यह है कि एमवाय के अंदर ही मरीजों को निजी अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस गैंग भी सक्रिय रहती है। एक साल पहले इस गैंग का खुलासा हुआ था तब दीपक वर्मा को पकड़ा भी था। विवाद होने पर निजी एंबुलेंस को एमवाय में पार्किंग पर रोक लगी थी लेकिन अभी भी इनका आना लगा रहता है।

# मानहानि मामले में नेता प्रतिपक्ष सहित 3 विधायकों को नोटिस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** एक मानहानि मामले पर सुनवाई करते हुए एमपी एमएलए कोर्ट ने जबलपुर के विधायक लखन घनघोरिया, धार जिले के विधायक उमंग सिंघार (मौजूदा नेता प्रतिपक्ष) और चुरहट विधानसभा के विधायक अजय सिंह राहुल को नोटिस जारी किए हैं। तीनों विधायकों पर आरोप है कि उन्होंने एक कर्मचारी की मार्कशीट को फर्जी बताकर उसकी मानहानि की है। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार ने तीनों विधायकों को 16 जनवरी 2026 को हाजिर होने कहा है। यह मामला नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर (डीपीएम) विजय पाण्डेय ने दाखिल किया है। पांडे का आरोप है कि तीनों



ही विधायकों ने 5 अगस्त 2025 को उसकी अंकसूची को फर्जी बताकर नौकरी पाने के आरोप लगाए थे। यह आरोप भी लगाया गया था कि आवेदक ने रिश्वत देकर नौकरी पाई है। विधानसभा में हुए हंगामे के बाद मिशन की संचालक सलोनी सिडाना ने आवेदक को हटा दिया था। आवेदक का दावा है कि विभागीय जांच ने उसकी मार्कशीट को सही पाया गया। ऐसे में तीनों ही कांग्रेसी विधायकों ने गलत आरोप लगाते हुए उसकी मानहानि की है। तीनों ही विधायकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की प्रार्थना करते हुए यह मामला दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान आवेदक के साथ अधिवक्ता पारितोष गुप्ता हाजिर हुए। सुनवाई के बाद विशेष अदालत ने तीनों विधायकों को नोटिस जारी कर हाजिर होने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री 13 दिसंबर को कर सकते हैं भोपाल मेट्रो का लोकार्पण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** आगामी 13 दिसंबर को डॉ. मोहन यादव सरकार के दो साल पूरे होने जा रहे हैं। इस मौके पर भोपालवासियों को पहले चरण के मेट्रो ट्रेन की सौगात मिलेगी। इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। भोपाल मेट्रो ने पूरी तैयारी कर ली है। दो साल पूरे होने पर मध्य प्रदेश सरकार अपनी उपलब्धियों में मेट्रो ट्रेन की शुरुआत करने की तैयारी में जुटी है। बता दें कि सेफ्टी कमिश्नर ने भोपाल के पहले चरण के सुभाष फाटक से एम्स तक मेट्रो चलाने के लिए हरी झंडी दे दी है। इस माह ट्रेन शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल ट्रेन का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअली या यहां आकर करेंगे। इस बारे में मध्यप्रदेश सरकार पीएमओ के साथ मिलकर निश्चित तारीख तय करेगी।





**तीन बार निरीक्षण कर चुकी सीएमआरएसः** सीएमआरएस 12 नवंबर को भोपाल पहुंची थी। अगले 3 दिन यानी, 13, 14 और 15 नवंबर को टीम ने डिपो से लेकर ट्रैक और ट्रेन तक निरीक्षण किया था। कमिश्नर नीलाभ्र सेनगुप्ता के साथ टीम ने मेट्रो के नट-बोल्ड तक देखे थे। इसके बाद टीम वापस लौट गई। इससे पहले दो बार टीम भोपाल आ चुकी है। आखिरी निरीक्षण के बाद रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा था, जो अब मिल गई है। मेट्रो अफसरों का कहना है कि मेट्रो के कमर्शियल रन के लिए वे सभी काम पूरे ही चुके हैं, जो जरूरी है और सीएमआरएस के पैमाने के हैं। स्टेशनों का कुछ काम जरूर बचा है, लेकिन उससे कमर्शियल रन पर असर नहीं पड़ेगा। सीएमआरएस की टीम भोपाल पहुंची। 13 नवंबर-डिपो, एम्स स्टेशन तक ट्रैक, सिंगलिंग और सुरक्षा पैमानों पर जांच की। वहीं, आरकेएमपी स्टेशन पर पानी गिराकर ट्रैक लेवल भी चेक किया गया।

### मेट्रो यात्रियों के लिए बनाए जा रहे दो पार्किंग

#### मेट्रो ने तय किए दो पार्किंग स्थल

*मेट्रो रेल कार्पोरेशन के डीजीएम सोशल अरविंद सोनी ने बताया कि ट्रेन शुरू होने के साथ ही प्रबंधन ने आज दो पार्किंग स्थल फिलहाल तय किया है, जोकि पूरी तरह तैयार है। ये स्थल रानी कमलापति स्टेशन और डीबी माल के सामने नगर निगम का हाकर्स कार्नर में यात्री अपने वाहन पार्क कर सकते हैं। अन्य स्टेशनों में भी पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य जारी है। फिलहाल इन स्टेशनों से सवार होने वाले यात्रियों के लिए पार्किंग सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण के मेट्रो स्टेशनों का निर्माण कार्य शत प्रतिशत पूरा हो गया है। डीआरएम ऑफिस स्टेशन का निर्माण कार्य का फिनिशिंग वर्क अंतिम चरण में है। पीएम से लोकार्पण के बाद मेट्रो ट्रेन लोगों को बेहतर सेवाएं देगी।*

### विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

# एयरपोर्ट के आसपास बढ़ते खतरे पर प्रशासन सख्त, की जाएगी सफाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर एयरपोर्ट की सुरक्षा को प्रभावित कर रही पक्षियों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए प्रशासन हरकत में आ गया है। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक में बड़ा निर्णय लेते हुए एयरपोर्ट के आसपास की 8 पंचायतों में व्यापक सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में इंदौर एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा बताया गया कि एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र में पक्षियों के उड़ान की गतिविधियां बढ़ रही हैं। इसके लिए ऐसे उपाय किए जाएं कि जिससे पक्षी आकर्षित न हो। पर्यावरण की शुद्धता से भी यह आवश्यक है। बताया गया कि 2012 में पक्षियों की उड़ान की गतिविधियां 6 देखी गई,

जबकि इस वर्ष-2025 में सबसे अधिक 26 गतिविधियां देखी गई है, जो एयर ट्रैफिक के नजरिए से ठीक नहीं है। विमानतल प्रबंधन समिति द्वारा रखे गए विषय के संबंध में सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर नगर निगम क्षेत्र के आसपास आने वाली 8 पंचायतों में स्वच्छता के कार्य प्रारम्भ होंगे। प्रबंधन समिति ने एयरपोर्ट की सीमा से लगे क्षेत्र में कचरा, अनावश्यक खाद्य पदार्थो का संग्रहण और फलों वाले बड़े-बड़े पेड़ों की समय पर कटाई आदि के संबंध में चर्चा के लिए बिदु रखें गए।

### कचरा, भोजन अपशिष्ट और पेड़ों से आकर्षित हो रहे पक्षी

बैठक में बताया गया कि एयरपोर्ट की सीमा से लगे क्षेत्रों में कचरे का जमाव, होटल, रेस्टोरेंट्स की गंदगी और फलों वाले पेड़ों की अधिकता पक्षियों को बड़ी संख्या में आकर्षित कर रही है, जिससे विमान संचालन प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। संभागायुक्त ने नगर निगम और वन विभाग को इस समस्या को तत्काल प्राथमिकता पर हल करने के निर्देश दिए।

# आईएएस संतोष वर्मा के फर्जी बरी कोर्ट आर्डर में निलंबित न्यायाधीश रावत को मिली जमानत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** ब्राह्मण पर विवादित बयान देने वाले आईएएस संतोष वर्मा के पुराने केस में उन्हें बरी करने वाले न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत को इंदौर जिला कोर्ट से राहत मिल गई है। इस मामले में हाईकोर्ट से मंजूरी के बाद उन्हें पुलिस से गिरफ्तारी का डर सता रहा था। इसलिए उन्होंने अग्रिम जमानत का आवेदन लगाया था। इसमें राहत मिल गई है।

न्यायाधीश प्रकाश कसेर की कोर्ट में निलंबित न्यायाधीश रावत द्वारा अग्रिम जमानत आवेदन 3 दिसंबर को लगाया गया था। इसमें सुनवाई के बाद कोर्ट ने आर्डर रिजर्व रख लिया था जो 5 दिसंबर को जारी कर दिया गया। इसमें रावत की जमानत याचिका को मंजूर कर लिया गया है।

**सुनवाई में यह हुए थे खुलासे- 114 बार हुई बात :** शासकीय लोक अभियोजक अभिजीत सिंह राठौर ने न्यायाधीश रावत की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज करने की मांग करते हुए पुलिस अनुसंधान में सामने आई बातें कोर्ट को बताई थी जो चौंकाने वाली थी। इसमें बताया गया था कि रावत और आईएएस संतोष वर्मा के बीच में एक-दो




बार नहीं बल्कि 114 बार मोबाइल पर बात हुई है। दोनों के कई बार मोबाइल की टावर लोकेशन समान रही है। दोनों की कई बार लोकेशन भी एक रही है।

**आदेश सुबह 4 से 7 बजे के बीच हुआ टाइप :** रावत का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता व पूर्व न्यायाधीश विष्णु सोनी ने कहा था कि कोर्ट में 6 अक्टूबर जब का आदेश टाइप होना बताया गया उस दिन वह छुट्टी पर थे। यह आदेश फर्जी है और उनकी कोर्ट से पास नहीं हुआ है।

### न्यायाधीश रावत के खिलाफ जांच की मिली है मंजूरी

रावत हाल ही में करीब 20 दिन पहले निलंबित हुए हैं। उधर इस केस में पुलिस को हाईकोर्ट ने आगे जांच करने और कोर्ट से दस्तोज लेने, पूछताछ करने की मंजूरी दी है। इसी मंजूरी के बाद अब अब रावत ने जिला कोर्ट में अग्रिम जमानत का आवेदन लगाया था। जबकि वह खुद केस में पहले फरियादी रहे हैं। पुलिस वर्मा के कोर्ट केस से बरी होने वाले आदेश की सच्चाई पता करने के लिए जांच कर रही है।

वहीं लोक अभियोजक राठौर ने पुलिस जांच के आधार पर बताया था कि जो जानकारी मिली है इसके अनुसार सुबह 4 से 7 के बीच में यह आदेश कोर्ट के कम्प्यूटर में टाइप हुआ है। इसके बाद रावत छुट्टी पर गए थे। इस आदेश की कॉपी भी डीपीसी में आईएएस संतोष वर्मा ने लगाई थी, जिसके आधार पर उनकी पदोन्नति हुई और वह आईएएस बने।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में न्यायाधीश रावत से कई जानकारियां और मोबाइल मांगा है। लेकिन उन्होंने पुलिस को बताया कि मोबाइल टूट गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में कोर्ट के कम्प्यूटर से आर्डर की कापी ले चुकी है और कुछ अन्य दस्तावेज भी ले चुकी है। इसके बाद ही मामला उलझ गया है। यह आदेश वर्मा के लिए बहुत जरूरी था, बिना बरी आदेश के वह आईएएस नहीं बन सकते थे। इसलिए पदोन्नति डीपीसी के पहले यह आदेश लेना उनकी प्राथमिकता थी। बताया जाता है कि इसी के चलते यह आदेश बना और इसे डीसीपी के समय दिया गया, इसके बाद ही उन्हें आईएएस अवार्ड हो सका।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।